

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 27 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -7 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-329 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप



### सिसोदिया की गिरफ्तारी विपक्ष का दमन करने वाली : सुशील

**रायपुर,27 फरवरी।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि जहां-जहां विपक्ष की सरकार है, वहां बीजेपी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है. उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी बीजेपी शासित राज्यो में कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री की गिरफ्तारी विपक्ष का दमन करने वाली है. इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं. वहीं कांग्रेस अधिवेशन में नेताओ के स्वागत के दौरान पहनाए गए माला को लेकर भी अब सियासत शुरू हो गई है. बीजेपी ने नेताओं को पहनाए गए माला को सोने का बता रही है. इस पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि- हां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोने की माला से अपने अतिथियों का स्वागत किया है. वो सोने की माला जो माटी पुत्रो ने अपने हाथ से तैयार किया था. छत्तीसगढ़ के स्वर्णभूमि के घास से बनी थी. बीजेपी के लोग इतने ज्यादा नीचे स्तर पर गिर जाएंगे किसी ने कल्पना नहीं की थी. 15 साल तक छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ियावाद का दामन करने वाले लोगो को कैसे बर्दाश्त होता.

### मोदी की हत्या की धमकी देने वाले राजा पटेरिया को जमानत

**जबलपुर,27 फरवरी।** पीएम मोदी की हत्या की धमकी देने वाले कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है. वो करीब ढाई महीने बाद जेल से रिहा होंगे. हाईकोर्ट ने राजा पटेरिया को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी है. पिछली बार हाईकोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया था. बता दें कि 11 दिसंबर 2022 को पन्ना जिले में कार्यक्रम में राजा पटेरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा था कि 'मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा. मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा. दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है. उन्होंने कहा कि संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो. हत्या इन द सेंस ज हराने के लिए तैयार रहो. राजा पटेरिया के इस बयान के बाद भाजपा नेताओं ने उनके खिलाफ कई जिलों में एफआईआर दर्ज कराई थी. जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था.गिरफ्तारी के बाद राजा पटेरिया ने अपने वकील के माध्यम से ग्वालियर की स्पेशल कोर्ट ने जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन एमपी-एमएलए कोर्ट ने जमानत खारिज करते हुए उन्हें 13 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था.

कथित 'सोने की माला' पर सियासत

# 'झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो, जितना जोर से बोल सकते हो, उतना बोलो' : भूपेश



रायपुर,27 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का 85वां महाधिवेशन में आये अतिथियों का मुख्यमंत्री द्वारा कथित सोने की माला से स्वागत को लेकर सियासी घमासान उफान पर है. ऐसे में सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर तीखा तंज कसा है. साथ ही उन्होंने माला की सच्चाई भी बताई.सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर लिखा कि झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो, जितना ज़ोर से बोल सकते हो, उतना बोलो.. इस सूत्र पर चलने वाले इस अनमोल तोहफे का भी अपमान कर रहे हैं. सीएम भूपेश बघेल ने साथ ही प्रकृति पुत्र/पुत्रियों की कला और छत्तीसगढ़ की संस्कृति का भी. आखिर छत्तीसगढ़ के लोगों, यहाँ की संस्कृति से भाजपा को इतनी नफ़रत क्यों है?

साथ ही सीएम बघेल ने लिखा था कि भाजपा की दिक्कत ही यही है कि वह न छत्तीसगढ़ को समझती है और न उसकी परंपराओं को. और मुहावरा है कि 'सावन के अंधे को हरा ही हरा दिखता है' ठीक वैसे ही 'अडानी के मित्रों को सोना ही सोना दिखता है'.सीएम भूपेश बघेल ने एक वीडियो ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने माला की सच्चाई बताई है. कैसे माला बनती है और किन सामग्रियों से बनती है. माला बांस और घास से मिलाकर बनाई गई है. यह माला आम नहीं बल्कि बेहद खास है. सुनहरे रंग में नजर आ रहे इस माला को पहनकर कांग्रेसी दिग्गज भी खुश नजर आए थे.

### खीझ और राजनीतिक दुर्भावना में भाजपा कर रही हदें पार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी पर हमला बोला है. सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि खीझ और राजनीतिक दुर्भावना में भाजपा हदें पार कर रही है. मेरे साथियों के घर ईडी के छापे से समहाधिवेशन नहीं रोक पाए तो शनिवार को अधिवेशन का प्रबंधन संभाल रहे कारोबारी के घर पहुंच गए. सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि उन संदिग्ध लोगों ने अपने को ईडी का अधिकारी बताया, लेकिन न अपना परिचय पत्र दिखाया और न कोई वारंट. धमकियां दीं. भाजपा के आरोपों के जवाब मांगे और फिर आने की बात कहकर चले गए. सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि लाख कोशिशें कीं, लेकिन कांग्रेस का महाधिवेशन किसी भी तरह नहीं रोक पाए. तानाशाही का चेहरा बेनक़ाब हो गया है, लेकिन हम न डरे हैं न डरेंगे.लड़ो और जीतो.

# मुस्लिम देश में भारत के तेजस की आसमानी उड़ान



**नई दिल्ली,27 फरवरी।** आत्मनिर्भर भारत के बड़ी पहचान में से एक एलसीए तेजस पहली बार किसी विदेशी युद्धाभ्यास में भाग लेने दुबई पहुंचा। इस मल्टी रोल फाइटर प्लेन के दुबई जाने के बारे में भारतीय वायुसेना ने जानकारी दी। स्वदेशी रूप से निर्मित हल्का लड़ाकू विमान तेजस मल्टीलेटरल एयर एक्सरसाइज में हिस्सा लेगा। ये पहला अवसर है जब एलसीए तेजस भारत के बाहर अंतरराष्ट्रीय उड़ान अभ्यास में भाग लिया। एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग एक बहुपक्षीय हवाई अभ्यास है जिसमें यूएई, फ्रांस, कुवैत, ऑस्ट्रेलिया, यूके, बहरीन, मोरक्को, स्पेन, कोरिया गणराज्य और अमेरिका की वायु सेनाएं भी भाग लेती नजर आईं। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि अभ्यास का उद्देश्य विविध लड़ाकू कार्यक्रमों में भाग लेना और विभिन्न वायु सेना के अभ्यासों से सीखना है। पहली बार किसी अभ्यास में हिस्सा लेने पहुंचे तेजस की खूबियों ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। मलेशिया और अर्जेंटीना जैसे कई देश पहले से ही तेजस की खूबियों के कायल हैं। मल्टीलेटरल एयर एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग 8 में भारतीय वायुसेना का प्रतिनिधित्व करने पांच तेजस विमानों के साथ 2 सी 17 ग्लोब मास्टर थ्री विमान भी पहुंचे। अभ्यास 27 फरवरी से 17 मार्च तक होना है। भारतीय वायुसेना के बयान के अनुसार 110 एयर वॉरियर्स की एक टुकड़ी संयुक्त अरब अमीरात में अल दफरा हवाई अड्डे पर डिजर्ट फ्लैग 8 अभ्यास में भाग लेने के लिए पहुंची। तेजस को पिछले साल विदेश में एक हवाई अभ्यास में पदार्पण करना था। यह 6 से 27 मार्च, 2022 तक यूके के वाडिंगटन में बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास कोबरा वारियर 22 में भाग लेने के लिए निर्धारित किया गया था। हालांकि, रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण अभ्यास रद्द कर दिया गया था। एलसीए ने विदेशों में कई एयर शो में भाग लिया है, लेकिन कभी भी किसी विदेशी देश में युद्ध अभ्यास में भाग नहीं लिया।

# एअर इंडिया की पहचान घोटालों के लिए होती थी : मोदी



**नई दिल्ली,27 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवमोग्गा हवाईअड्डे का उद्घाटन किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज शिवमोग्गा को अपना एयरपोर्ट मिला है, जिसकी लंबे समय से मांग थी वो आज पूरी हुई है। शिवमोग्गा एयरपोर्ट बहुत ही भव्य बना है और ये बहुत सुंदर है। ये सिर्फ एयरपोर्ट नहीं है ये इस क्षेत्र के लोगों के सपनों की नई उड़ान का अभियान है। आज कर्नाटक के लोकप्रिय नेता बीएस येदियुरप्पा जी का जन्मदिन है मैं उनकी लंबी आयु की कामना करता हूं उन्होंने अपना जीवन गरीबों और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में कर्नाटका का विकास अभिवृद्धि के रथ पर चल चुका है। ये अभिवृद्दि रथ प्रगति पथ पर दौड़ रहा है। ये प्रगति रथ रेलवे, रोडवेज, डिजिटल कनेक्टिविटी का है। पहले जब कर्नाटक के विकास की चर्चा होती थी तो ये बड़े शहरों के आसपास तक ही सीमित रहती थी लेकिन डबल इंजन सरकार इस विकास को कर्नाटक के गांवों तक, टियर-2 और टियर-3 शहरों तक पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के राज में एअर इंडिया की पहचान घोटालों के लिए होती थी, घाटे वाले बिजनेस मॉडल के रूप में होती थी लेकिन आज एअर इंडिया भारत के नए सामर्थ्य के रूप में विश्व में नई ऊंचाई, नई उड़ान भर रहा है। आज भारत के एविएशन सेक्टर का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

# महापौर और मोहन मरकाम को नकारा गया : केदार
# महाधिवेशन में मंथन के बाद झाग ही झाग : चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,27 फरवरी।** कांग्रेस का अधिवेशन खत्म होने के बाद बीजेपी अब कांग्रेस पर तंज कस रही है. पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने गुलाब की पंखुड़ियों से लेकर महापौर को सुरक्षाकर्मी के द्वारा धक्का देने मामले में हमला बोला है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से यहां के महापौर के साथ घटना घटित हुई, सब ने उसका वीडियो देखा, जिस तरह धक्के देकर बाहर किया गया. इसके साथ ही महाधिवेशन में शिरकत करने दिल्ली से आए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का आयोजन स्थल पर भव्य स्वागत किया गया. इस पर कहा जा रहा है कि नेताओं का स्वागत सोने की माला से किया गया है. इसे लेकर घमासान भी मचा हुआ है. इस बीच केदार कश्यप ने कहा कि मुझे तो माला दिखाई नहीं दिया, लेकिन गुलाब की पंखुड़ियां उन्होंने बिछाई थी, डेढ़ से 2 किलोमीटर वह दिखाई दी हैं.

साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से यहां के महापौर के साथ घटना घटित हुई, सब ने उसका वीडियो देखा, जिस धक्के के साथ बाहर किया गया. किस तरह की चाटुकारिता इस पार्टी में हो रही है. प्रदेश और देश ने देखा है. पीसीसी चीफ मोहन मरकाम



को किस तरह से दरकिनार किया गया. नकारा गया. आदिवासी को किस तरीके से यह पार्टी देखती है, यह पूरे प्रदेश और देश ने देखा है. वहीं राहुल गांधी के सत्याग्रह वाले स्पीच पर केदार कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी ने कॉमेडी किंग के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. यहां भी उन्होंने इस बात को साबित कर दिया. सत्ता के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ने भिड़ने के लिए तैयार है. कांग्रेस पार्टी सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. वहीं इस मामले में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का अधिवेशन कोई समुद्र मंथन तो था नहीं कि अमृत निकलता. 3 दिन मंथन के बाद आखिर झाग ही झाग निकल रहा है. कांग्रेस गांधी परिवार से शुरू होकर, गांधी परिवार से होते हुए, गांधी परिवार पर ही खत्म हो जाती है.

ओपी चौधरी ने कहा कि आखिर फैसला यह हुआ कि जिस राहुल गांधी ने कांग्रेस को दो बार विपक्ष के लायक तक नहीं छोड़ा, जो सीधे नेतृत्व लेने की जिम्मेदारी से बचकर रिमोट से कांग्रेस चलाना चाहते हैं. उसी राहुल के पीछे कांग्रेस चलेगी.

ओपी चौधरी ने कहा कि देश में एकता और अखंडता की दुहाई देने वाले राहुल सनातन संस्कृति का अपमान करते हुए हिंदू और हिंदुत्व में भेद करते हैं. सन्यासी और पुजारियों में भेद करते हैं और भारत जोड़ो का नारा देते हैं. क्या देश में बहुसंख्यक वर्ग का अपमान करके उनकी संस्कृति का अपमान करके देश को जोड़ा जा सकता है. ओपी चौधरी ने कहा कि अधिवेशन की पूर्णाहुति यह की 76 वर्ष की सोनिया गांधी कहती हैं मैं थक गई हूं. अब मेरे सन्यास का समय आ गया है और नए - नए अध्यक्ष बने 80 वर्ष के बुजुर्ग खरगे जी कांग्रेस को नया उत्साह के साथ नई दिशा में ले जाने का संकल्प पारित करते हैं.

हिंदुत्व एक जीवनशैली है : सुको

# नाम बदलने आयोग गठन करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली,27 फरवरी।** देश के धार्मिक स्थानों, पुरातत्व स्थलों और अहम स्मारकों के नाम बदलने के लिए आयोग गठित करने की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत में नाम बदलो आयोग की मांग करते हुए एक पीआईएल दाखिल की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके साथ ही बेंच ने कहा कि भारत सेक्युलर देश है और हिंदुत्व जीवनशैली है, जो सभी को अपने आप में समाहित कर लेती है। यही नहीं अदालत ने नाम बदलो आयोग की मांग को भी उपद्रव की मंशा वाला करार दिया। बेंच ने कहा कि ऐसा करने से मुद्दे जिंदा रहेंगे और देश में उबाल की स्थिति बनी रहेगी। वकील अश्विनी उपाध्याय की अर्जी पर बेंच में शामिल जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना ने कहा कि इससे तो देश में उबाल की स्थिति बनी रहेगी और विवादित मुद्दे हमेशा जिंदा रहेंगे। बेंच ने कहा कि यह सत्य है कि हमारे देश पर हमले हुए थे और विदेशी ताकतों के हाथ में भी सत्ता रही। लेकिन हम इतिहास के एक ही हिस्से को नहीं पढ़ सकते, उसे समग्र दृष्टि से देखना होगा। इसके साथ ही बेंच ने कहा कि हमारा देश सेक्युलर है और हिंदुत्व एक जीवनशैली है, जो सभी को अपने आप में समाहित कर लेती है। जजों ने कहा कि देश के इतिहास को इस तरह नहीं देखना चाहिए कि वह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को डराए।



दरअसल इसी महीने की शुरुआत में उपाध्याय ने एक जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने मांग की थी कि केंद्र सरकार को अदालत नाम बदलो आयोग के गठन का आदेश दे। उपाध्याय का कहना था कि इस आयोग के जरिए उन स्थानों, स्मारकों और शहरों के नाम बदले जाएं, जिन्हें देश पर आक्रमण करने वाले विदेशी लोगों ने बदल दिया था। पीआईएल में कहा गया कि हाल ही में सरकार ने मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया है। लेकिन इसके बाद भी कई सड़कों के नाम नहीं बदले गए हैं, जो आक्रांताओं के ऊपर हैं। यही नहीं उपाध्याय ने कहा कि इस तरह आक्रांताओं के नाम पर अभी स्मारकों और स्थानों के नाम हैं। यह नागरिक के तौर पर हमारी संप्रभुता और नागरिक अधिकारों के खिलाफ है। यही नहीं पीआईएल में कहा गया कि अदालत एएसआई को भी आदेश दे सकती है कि वह रिसर्च करे और तमाम स्मारकों, शहरों के पुराने नामों की जानकारी हासिल करे। इसके बाद उन नामों के आधार पर ही नए सिरे से नामकरण किए जाएं। उन्होंने कहा कि आज देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है, लेकिन कई स्थानों के नाम अब भी आक्रांताओं के ऊपर ही हैं।

## सामान्य नहीं होंगे चीन के साथ संबंध : जयशंकर

**नई दिल्ली,27 फरवरी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंध तब तक सामान्य नहीं होंगे, जब तक कि कोविड लॉकडाउन की शुरुआत में हुए फेस ऑफ मुद्दे का समाधान नहीं हो जाता। हैदराबाद में भारत की जी20 प्रेसीडेंसी पर फोरम फॉर नेशनलिस्ट थिंकर्स, हैदराबाद चैप्टर टॉक को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंध तब तक नहीं सुधरेंगे जब तक कि टकराव का हल नहीं हो जाता। जयशंकर ने ये भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने एलएसी पर दुर्गम इलाकों में फौज को तैनात करने का फैसला किया और आज दुनिया भारत की इस मजबूती और ताकत को देख रही है।

जयशंकर ने बिना नाम लिए 1962 के युद्ध का जिक्र करते हुए चीन से पराजय का मुद्दा भी उठाया। न्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जवानों को एलएसी पर पूरी तैयारी के साथ भेजा है। जबकि, पहले जवानों को बिना तैयारी के भेजा गया और उसका नतीजा हम देख चुके हैं। उन्होंने आश्वासन देते हुए आगे कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि पूरी दुनिया ने इस पर ध्यान दिया है। उन्होंने यह भी नोट किया है कि तब से हम मजबूती से खड़े हैं।

## रूस के सामने यूक्रेन के डटकर खड़े हो जाने से घबराया चीन

**नई दिल्ली,27 फरवरी।** चीन की विस्तारवाद की नीति से तो पूरी दुनिया भलि-भांति परिचित है। ताइवान को लेकर दुनिया बखूबी चीन की मंशा को जानती है। जिस दिन रूस की तरफ से यूक्रेन पर आक्रमण किया गया. उस दिन से चीन की भूख भी ताइवान पर हमला करने की बढ़ गी। चीन की मंशा पर ही अब अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की तरफ से बड़ा दावा किया गया है। सीआईए चीफ बिल बर्न्स ने दावा किया है कि यूक्रेन युद्ध का हश्र देख चीन अपने ताइवान प्लान को रिव्यू करने पर मजबूर हो गया है। रूस जैसी सैन्य शक्ति के सामने यूक्रेन के डटकर खड़े हो जाने के कारण चीन भी घबराया हुआ है। अमेरिकी खुफिया से पता चलता है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान पर आक्रमण करने के लिए अपने देश की सेना को 2027 तक तैयार रहने का निर्देश दिया है। हालांकि वह वर्तमान में यूक्रेन के साथ अपने युद्ध में रूस के अनुभव को देखते हुए ऐसा करने की अपनी क्षमता पर संदेह कर सकते हैं। सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स ने कहा एक टेलीविजन साक्षात्कार में जोर देकर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को अंततः ताइवान को नियंत्रित करने की शी की इच्छा को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनपिंग ने पीएलए, चीनी सैन्य नेतृत्व को 2027 तक ताइवान पर आक्रमण करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि वे विचार बदल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारा निर्णय कम से कम यह है कि राष्ट्रपति शी और उनके सैन्य नेतृत्व को आज संदेह है कि क्या वे उस आक्रमण को पूरा कर सकते हैं। ताइवान और चीन 1949 में एक गृहयुद्ध के बाद विभाजित हो गए। स्वशासी द्वीप एक संप्रभु राष्ट्र की तरह कार्य करता है फिर भी संयुक्त राष्ट्र या किसी भी बड़े देश द्वारा इसे मान्यता प्राप्त नहीं है।

# अग्निपथ योजना पर हाईकोर्ट की मुहर

खारिज की सभी 23 याचिकाएं

**नई दिल्ली,27 फरवरी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरकार की सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि उसे इस योजना में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता है। अदालत ने कहा, अग्निपथ योजना राष्ट्रीय हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी कि सशस्त्र बल बेहतर सुसज्जित हैं। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की खंडपीठ ने फैसला सुनाया।

योजना को चुनौती देने वाली कम से कम 23 याचिकाएं दायर की गई थीं और सभी याचिकाओं को अदालत ने खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल केंद्र की अग्निपथ योजना की शुरुआत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों की जांच की मांग करने वाले एक वकील द्वारा दायर एक नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सरकार द्वारा अग्निपथ योजना को इसके छोटे कार्यकाल और कम लाभ प्रदान करने के कारण शुरू करने के बाद देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस योजना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अस्थायी रूप से रक्षा बलों में शामिल करने का प्रस्ताव है और उन्हें अग्निवीरों के रूप में जाना जाएगा। चार साल के बाद, चयनित उम्मीदवारों में से केवल 25 प्रतिशत सशस्त्र बलों की नियमित सेवा में समाहित किए जाएंगे, जबकि शेष सेवानिवृत्त हो जाएंगे। बाद में, सरकार ने 2022 में भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा को बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया। योजना को चुनौती देने और भर्ती प्रक्रियाओं को रोकने के लिए देश भर के उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएँ दायर की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी मामलों को दिल्ली एचसी को स्थानांतरित कर दिया। पिछले साल 15 दिसंबर को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली और रक्षा सेवाओं में पिछली भर्ती योजना के अनुसार बहाली और नामांकन की मांग करने वाली याचिकाओं के एक बैच पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### मप्र विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरु

**भोपाल,27 फरवरी** । पंचदश मध्यप्रदेश विधानसभा का चर्तुदश (बजट) सत्र सोमवार, 27 फरवरी से शुरु हो गया और यह 27 मार्च तक चलेगा। सत्र में कुल 13 बैठकें होंगी। बजट आगामी एक मार्च को प्रस्तुत किया जाएगा। इससे पहले 28 फरवरी को आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा।

# राज्यपाल बैस ने विधानमंडल को किया संबोधित

**मुंबई,27 फरवरी।** हाल ही में महाराष्ट्र के राज्यपाल को बदला गया हैं। भगत सिंह कोश्यारी की जगह रमेश बैस ने संभाली है। ऐसे में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने मुंबई में विधान भवन में महाराष्ट्र राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान सदन में सभी पार्टियों के लोग उपस्थित थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल रमेश बैस का स्वागत किया।





महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया हैं। शुरू हो रहे बजट सत्र में शिवसेना के दोनों गुटों के बीच चल रही राजनीतिक व कानूनी लड़ाई की गूंज सुनाई देने की आशंका है। इससे पहले, विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) और कांग्रेस ने रविवार को सरकार द्वारा आयोजित 'चाय पार्टी' का बहिष्कार किया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बहिष्कार के कदम को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अच्छी बात है कि आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के साथ संबंध रखने वाले नहीं आए। शिंदे का इशारा संभवतः राज्य के पूर्व मंत्री एवं राकांपा नेता नवाब मलिक की ओर था, जो दाऊद इब्राहिम तथा उसके साथियों की गतिविधियों से जुड़े धनशोधन के मामले में पिछले साल गिरफ्तारी के बाद से जेल में हैं। बजट सत्र संयुक्त बैठक में नव-नियुक्त राज्यपाल रमेश बैस के पहले संबोधन के साथ शुरू होगा। उप-मुख्यमंत्री एवं राज्य के वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस नौ मार्च को विधानसभा में शिंदे की अगुवाई वाली सरकार का पहला बजट पेश करेंगे। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) इस एक महीने लंबे सत्र के दौरान सार्वजनिक हित के मुद्दों पर शिंदे-भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

एक नजर

## युवा जन कल्याण संगठन हनोदा के सदस्य हुए युवा संवाद में शामिल




**उतई, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं नेहरू युवा केन्द्र छत्तीशगढ़ द्वारा आयोजित युवा संवाद6भारत 20 कार्यक्रम में युवा जन कल्याण संगठन हनोदा के उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र कुम्भकार,सहसचिव श्री रूपराम साहू,मीडिया प्रभारी यशवंत साहू,शिक्षा प्रभारी अजय ढिडे,रोशन पटेल,राहुल चंद्रकार,कुणाल कोषरे,हितेश पटेल,धनराज पटेल,दिलेश सपहा,अनिल सहित अन्य जिलों के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थि,नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य व एन.सी.सी. के सदस्य शामिल हुवे ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जी20 एवं वाय 20 सम्मेलन में ग्रामीण युवाओं की भूमिका व उनके क्रियान्वयन की चर्चा के साथ साथ भारतश्च47 पर बात हुई ।अयोजन के मुख्य अतिथिसूचना और प्रसारण मंत्री व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर जी थे ।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पद्मश्री फुलबासन बाई यादव,सुनील सोनी( सांसद रायपुर),बृजमोहन अग्रवाल( पूर्व विधायक),पद्मश्री सुनील मंडावी,वाइस चांसलर हर्ष गौतम,राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय जी,नितिन शर्मा जिला युवा अधिकारी ने.यू.के.दुर्ग सहित सभी जिलों के जिला युवा अधिकारी उपस्थित थे ।जिसमे आए हुए युवाओं ने मोदी जी द्वारा आजादी के अमृत काल के रूप में दिए 5 प्रण,विकसित भारत बनाना है,भारत के गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना है,गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी है,एकजुटता को बनाए रखना है और नागरिकों को कर्तव्य पालन की ओर ले कर जाना है इस पर प्रत्यक्ष रूप से अपनी बात प्रशन उत्तरी काल में मंत्री जी के समक्ष रखी।

## मोर आवास,मोर अधिकार के लिए भाजपा ने रविंद्र चौबे निवास का घेराव किया



**साजा , 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** सांसद विजय बघेल , विजय शर्मा , जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी , पूर्व विधायक लाभचंद बाफना , प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मूलचंद शर्मा , नगरीय निकाय प्रकोष्ठ बेमेतरा जिला संयोजक हरिशंकर टावरी , पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य ईश्वर पटेल , वरिष्ठ बीजेपी नेता विनोद शर्मा , वरिष्ठ बीजेपी नेता नथमल कोठार , दिनेश साहू सहित हजारों बीजेपी कार्यकर्ताओ ने कृषि मंत्री रविंद्र चौबे का घेराव किया । वरिष्ठ बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ और साजा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में करोड़ो परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर है । साजा में हजारों परिवार को पीएम आवास नही मिल रही है । बीजेपी नेताओं ने तरुण छत्तीसगढ़ से कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस की विदाई करने के लिए तैयार है और यह जनसैलाब बता रही है की कांग्रेस सरकार के खिलाफ कितना आक्रोश है ।

## साजा में विकास की रफ्तार से सभी लोग खुश है:बंटी जैन



**साजा, 27 फरवरी।** साजा विधानसभा में बीजेपी नेताओं के भ्रष्टाचार के आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी सह सचिव बंटी जैन ने कहा की विपक्ष को विकास नहीं दिखती है लेकिन किसान , यूवा , महिलाए , बुजुर्ग और सभी लोग साजा में विकास को देखकर खुश है । शिक्षा , स्वास्थ्य , सिंचाई योजनाओं में इतना काम हुआ है की साजा में विकास की रफ्तार से सभी लोग खुश है ।बीजेपी के भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद है सिर्फ बीजेपी राजनीति कर रही है और साजा में रविंद्र चौबे जीत का इतिहास 2023 में फिर से रचेंगे ।

# योगाचार्य हितेश एवं धीरेन्द्र ने की केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,27 फरवरी ।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में विगत 25 फरवरी को नेहरू युवा केन्द्र छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रसारण एवं संचार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मंत्री अनुराग सिंग ठाकुर सम्मिलित हुए जिसमे पाटन क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हितेश तिवारी (ग्राम रानीतराई) एवं धीरेन्द्र वर्मा (ग्राम-मर्रा) ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर योग के क्षेत्र में विभिन्न मांगों को ले कर छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के लेटर हेड के माध्यम से ज्ञापन सौंपा, जिसमे देश के समस्त खेल प्रशिक्षण संस्थानों में व समस्त खेल विभागों में योग प्रशिक्षको/शिक्षको की भर्ती तथा देश के समस्त विद्यालयों/महाविद्यालयो,विश्वविद्यालयों में योग शिक्षक/प्रशिक्षक की नियुक्ति हेतु प्रयास हेतु हितेश तिवारी ने बात रखी साथ ही केंद्र द्वारा संचालित बहुत ही महत्वकांशी विद्यालय केंद्रीय विद्यालय संगठन के समस्त विद्यालयों में योग शिक्षक की नियमित नियुक्ति हेतु विशेष जोर देते हुए मांग पत्र माननीय केंद्रीय मंत्री जी को सौंपे। साथ ही मंत्री अंतर्राष्ट्रीय योग आसान खिलाड़ियों से मिल कर प्रसन्नता व्यक्ति करते हुए उनके साथ सेल्फी लिए साथ ही उक्त मांगो पर ध्यान देने की बात कही।

## नशीली दवा बेचने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 27 फरवरी।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार कर रहे दो आरोपितों को दुर्ग कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों के पास से दो हजार से ज्यादा नग कैप्सूल जब्त किए गए हैं। जिनकी कुल कीमत 20 हजार रुपये आकी गई है पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा है दुर्ग सीएसपी वैभव बैंकर ने बताया कि अवैध रूप से नशीली दवाई बेच रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने सिकोला भाठा दुर्ग निवासी आरोपित सागर वाकोडे उर्फ भाऊ (20 ) को 1008 नग स्पासट्रैकेन प्लस और स्पास्कोर वोन प्लस कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपित एक नीले रंग के थैले में नशीली दवाइयां रखकर उनका व्यापार कर रहा था आरोपित के पासे से बिक्री की रकम 730 रुपये भी जब्त किया गया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिसने गंजपारा दुर्ग नदी मोड़ के पास से आरोपित तिरेंद्र कुमार साहू उर्फ माउस ( 20 ) निवासी वाम्बे आवास उरला को गिरफ्तार किया है।

# मसूड़ों का इंफेक्शन है तो आंतों में संक्रमण का खतरा:डॉ.सूरज



**भिलाई, 27 फरवरी।** अंचल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज भावनानी का कहना है कि रात को सोते समय ब्रश करने एवं मसूड़ों की मालिश कर सोने से दांत एवं मसूड़ों को मजबूत बनाया जा सकता है । मजबूत दांत एवं स्वस्थ मसूड़े बेहतर स्वास्थ्य की निशानी हैं। हर खाने-पीने वाली वस्तु जब चबाकर निगली जाती है तो कुछ अंश दांतों एवं मसूड़ों में एक परत छूट जाती है, इसे अगर अच्छी तरह साफ या धोया न जाये तो मुंह के बैक्टीरिया द्वारा सड़ने लगता है एवं मुख की दुर्गंध या दांतों की सड़न तथा मसूड़ों का इंफेक्शन होने लगता है। मीठा खाने से यह स्थिति जल्दी हो जाती है।

यह स्थिति यदि अधिक समय तक रहती है तो दांतों में कीड़ा लगना तथा दांतों की ऊपरी परत का गलना प्रारंभ हो जाता है जो धीरे-धीरे दोनों में गड्ढा एवं दांतों को धीरे-धीरे खोखला कर जड़ सहित दांतों को सड़ा देता है। सिंपल चाय पीने के 2-3 मिनट पश्चात में दुर्गंध एवं फीलिंग बदल जाती है यदि पानी से मुंह को गरारा कर दिया जाये तो फ्रेश लगता है । यदि दांतों में सड़न या कीड़ा लगा है या मसूड़ों का इंफेक्शन है तो हर खाने-पीने की वस्तुओं के साथ यह गले एवं पेट में चला जाता है जिससे टॉन्सिल, गले का इंफेक्शन, गेस्ट्राइटिस एवं पेट तथा आंतों का इंफेक्शन हो सकता है। कई बार ज्यादा इंफेक्शन होने से यह हाट-बैक्टीरियल एंडोकार्डिटिस भी होने की संभावना रहती है। मुख की दुर्गन्ध का असर सांसों में भी हो सकता है जो नाक तथा फेफड़े के इंफेक्शन का कारण हो सकता है। डॉ. सूरज भावनानी ने बताया कि पान, तंबाखू, गुटखा खाने वालों में दांतों पर परत जमने लगती है। मसूड़ों का लचीलापन कम होकर कड़ापन होने लगती है जिसके दुष्परिणाम से मसूड़ों से खून निकलना, दांतों की जड़ें कमजोर होना तथा मुख कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। मसूड़े मजबूत होने से उसमें लगी दांतों की जड़ें मजबूत हो जाती हैं

# मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले को पुलिस ने दबोचा



**भिलाई, 27 फरवरी।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। वैशाली नगर टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी ने बताया कि कि सेक्टर-4 निवासी के.राम मूर्ति रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 फरवरी की रात अपने दोस्त प्रिंस के घर खाना खाने गया था। जब वापस जा रहा था तो राम नगर मुक्तिधाम के पास नाले के पास मोड़ पर लगभग रात 11.10 बजे प्रार्थी के गाड़ी में पत्थर मारा। गाड़ी रोककर उतरकर देखा तो सेवा और बुट्टे सरदार नशे में थे। जब उन्हे समझाने लगा तो दोनों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सेवा ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और मोबाइल छीन कर भाग गये थे। टीआई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी सेवा सिंह( 34 साल ) निवासी कैम्प 2 गुपचुप मोहल्ला पटेल डेयरी के पीछे घर में होने की सूचना पर स्टाफ दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से मोबाइल व कटर जब्त किया गया। वहीं इस मामले के दूसरा आरोपी बुट्टे सरदार अभी भी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी वैशाली नगर, सउनि सुरेश पांडेय, आर जितेन्द्र सिंह, आरक्षक नितेश पाण्डेय, आर दिनेश जायसवाल, आर विरेन्द्र यादव, आर राजेश सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही।

## बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन खींच भागा बदमाश

**भिलाई, 27 फरवरी।** नेवई थाना अंतर्गत नाती को स्कूल छोड़कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन को अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश बदमाश खींच कर भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि इस्पात नगर रिसाली निवासी मालती सोनी ( 64 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 जनवरी की शाम 4.15 बजे अपने नाती को स्कूल में छोड़कर अपने घर वापस आ रही थी तभी इस्पात नगर रिसाली गणेश पंडल के पास मोटर साइकिल में एक अज्ञात लड़का सामने से आया जो मुंह में स्कार्फ बांधा हुआ था लडका ने प्रार्थिया के गले में पहने हुए सोने का चेन 1.5 तोला को खींचकर भाग गया चेन की कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।



## उमंग की सक्रियता से अंजली को मिली ट्राइसायकिल

**कवर्धा,27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नर सेवा ही नारायण सेवा है । नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडेय की सक्रियता के कारण वार्ड 3 में बहन अंजली साहू को ट्राई सायकल मिली । अंजली साहू के चेहरे पर ट्राई सायकल पाते ही उनके चेहरे पर मुस्कराहट दिखी । ट्राई सायकल वितरण कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं अशोक साहू रामविलास चंद्रवंशी उपस्थित रहे ।



## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी

**कवर्धा,27 फरवरी।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देव कुमारी चंद्रवंशी,नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका कवर्धा एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजयुमो उमंग पांडेय सहित कई लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात को सुनी।

# कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन कर कैरियर गाइडेंस इन सोशियोलॉजी की जानकारी दी



**भिलाई, 27 फरवरी।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा कैरियर गाइडेंस इन सोशियोलॉजी विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय कंडेल जिला धमतरी से पितांबर सिन्हा सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समाजशास्त्र विषय में अनेक संभावनाएं एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों का ज्ञान कराया साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें। इस पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया । अतिथि व्याख्यान के कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा अपनी अनेक समस्याओं और शंकाओं का समाधान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती चांदनी मरकाम विद्यार्थियों को उनके भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ किरण रामटेके, श्रीमती कौशल्या शास्त्री, डॉक्टर भूमि राज पटेल एवं अमृतेष शुक्ला की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा लीना लहरें एवं अल्ताफ के द्वारा किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकाधिक छात्र छात्राओं ने लाभ प्राप्त किया।

## लोक कला महोत्सव में छः मंडलियां देंगी प्रस्तुति

**उतई,27 फरवरी।** आदर्श क्लब बाजार चौक सेलुद, हनुमान शिव समिति व समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 28 फरवरी दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से बाजार चौक सेलुद में लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया है । जिसमें छत्तीसगढ़ की अलग अलग विधा की प्रसिद्ध छः मंडलीयाँ अपने कार्यक्रम का प्रदर्शन करेगी । जिसमें प्रथम श्री राम मानस मंडली ग्राम सेलुद द्वितीय मां सरस्वती पंडवानी पार्टी कोडिया श्रीमती टोमीन निषाद तृतीय संगम मानस परिवार ग्राम सुरगी राजनांदगांव चतुर्थ मोर मयारू सुवा परिवार नरसिंहपुर आरंग रायपुर पंचम न्यू जागृति जस झांकी परिवार मड़ियापार हिर्री दुर्ग षष्ठम रंग छत्तीसगढ़ ग्राम सुरगी राजनांदगांव का कार्यक्रम होगा । इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल अध्यक्षता ग्राम पंचायत सेलुद की सरपंच श्रीमती खेमीन साहू विशेष अतिथि ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेंद्र बंछोर आदर्श क्लब बाजार सेलूद के अध्यक्ष रूप राम साहू आदर्श क्लब बाजार चौक सेलुद के उपाध्यक्ष तारेन्द्र बंछोर होंगे वही द्वितीय सत्र के अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी अध्यक्षता ओएसडी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन आशीष वर्मा जी विशेष अतिथि के रूप में डायरेक्टर अपेक्स बैंक छत्तीसगढ़ शासन श्री राकेश ठाकुर अध्यक्ष साख समिति सेक्टर वन जवाहर वर्मा पाटन जनपद सदस्य अखिलेश मारकंडे पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्ग श्रीमती जयश्री वर्मा वरिष्ठ नागरिक श्री महेश्वर मंदसौर अध्यक्ष गठान समिति से लूट श्रीमती प्रतिभा मंदसौर अतिथि होंगे।

# सफाई के बाद सभी ने शिवनाथ नदी को साफ रखने का लिया संकल्प



**दुर्ग, 26 फरवरी।** नगर निगम द्वारा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच संदीप निरंकारी के द्वारा कार्यक्रम आयोजन स्कूली बच्चों व निगम के साथ मिलकर शिवनाथ नदी की सफाई की गई। इस दौरान घाट किनारे पड़े कचरे को बाहर निकाला गया। पूजा सामग्री विसर्जन करने गए लोगों को रोका गया। उनसे कहा गया कि पूजा सामग्री में नदी के पानी का छींटा मारकर उसे एक ओर रख दें इससे नदी का पानी प्रदूषित नहीं होगी। नदी से दुर्ग और भिलाई निगम को पेयजल को पानी सप्लाई किया जाता है।अभियान के दौरान करीब घंटे भर तक नदी की सफाई की गई। इस दौरान नदी में विसर्जित की गई पूजन सामग्रियों एवं कचरा को बाहर निकाला गया। सफाई अभियान के दौरान निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान आयुक्त ने सफाई के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि नदी में कचरा विसर्जित न करने का संकल्प लें तो पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। नगर निगम और संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच के स्कूली छात्राओं के आलावा 15 से 20 सदस्यों द्वारा शिवनाथ नदी मे विशेष सफाई अभियान चलाया गया।अजादी का अमृत महोत्सव एवं निरंकारी मिशन के स्लोगन स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत शिवनाथ नदी दुर्ग मुक्ति धाम के सामने निरंकारी मिशन के स्वयं सेवको द्वारा आज रविवार को सुबह सफाई अभियान किया गया।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा सेवको द्वारा यह सफाई अभियान बहुत ही सराहनीय रहा,उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम अभियान आवश्यक है,आप लोगो का साथ निगम को इस तरह मिलता रहे।

# पुलिस ने तस्कर को 8 किलो गांजा सहित किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 फरवरी।** भिलाई दुर्ग जिले में नशे का कारोबार लगातार फल फूल रहा है जहां ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में गांजे की सप्लाई होती रही है अब तक आपने गांजा की सप्लाई करते हैं या गांजा पीते हुए नशेड़ीओ को देखा होगा लेकिन आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ऐसे व्यक्ति को धर दबोचा है जोकि ट्रेन में गांजे की की सप्लाई किया करता था दरअसल पूरा मामला दुर्ग रेलवे स्टेशन का है जहां विशाखापट्टनम से निजामुद्दीन की ओर जाने वाली समता एक्सप्रेस के एसी कोच बी 1 में अटेंडर के काम करने वाले धर्मापदा महंतों को पुलिस ने 8 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है जिसकी कीमत हजारों में है आपको बता दें कि धर्मापदा महंतो ओडिशा के मयूरभंज जिले का रहने वाला है जो कि पिछले 3 सालों से ट्रेन के एसी कोच में अटेंडर का काम कर रहा है अटेंडर का काम करते करते ही वह ओडिशा से ही गांजे की खेप लेकर अपने साथ चलता था और तय सुदा स्थान पर गांजे के तस्करों को सप्लाई किया करता था पिछले कुछ दिनों से दुर्ग रेलवे पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि ओडिसा से आने वाली ट्रेनों में गांजे की सप्लाई हो रही है जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और उड़ीसा की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों में अपने मुखबिर लगाएं मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धर्मापदा महंतों को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ नारको एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है दुर्ग जीआरपी पुलिस को उम्मीद है की जांच करने पर और पूछताछ करने पर और भी खुलासे हो सकते हैं फिलहाल पुलिस अब धर्मा पदा महंतों के जरिए मुख्य सरगना तक पहुचने की तैयारी कर रही है।

## गुरु के माध्यम से शिष्य अपने मंजिल पर पहुंच जाती है :गीता

**डोंगरगांव।** ग्राम अर्जुनी में आचार्य सम्मेलन 2023 सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में जिला ग्राम भारती राजनांदगांव द्वारा दो दिवसीय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया । इस अवसर पर उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव थे। अध्यक्षता अशोक लोहिया प्रांतीय अध्यक्ष सरस्वती साहित्य प्रचार समिति रायपुर थे विशेष अतिथि दिनेश गांधी पूर्व अध्यक्ष ज़िला पंचायत, श्रीमती जागृति यदु सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव ,श्रीमती इंदू मती साहू सदस्य जिला पंचायत राजनंदगांव, श्रीमती द्रौपती साहू सरपंच, तिलक सिन्हा, दीना दास , जागेश्वर यादव जनपद सदस्य के आतिथ्य में किया गया।मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू ने मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष है दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गीता घासी साहू का आयोजक जनों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत सम्मान किया।

### भाजपा की बैठक तर्रा में सम्पन्न

# जिनके वोट से सीएम बने उनके ही आशियाने को छीनने का काम किया:विजय बघेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी पाटन उत्तर मंडल की बैठक मुख्यमंत्री निवास घेराव के तैयारी के संबंध में तर्रा रेस्ट हाउस में बैठक संपन्न हुई द्य बैठक को संबोधित करते हुए मा. सांसद विजय बघेल जी ने कहा कि प्रदेश की निकम्मी कांग्रेस की सरकार ने गरीबो का प्रधानमंत्री आवास छीन लिया, गरीबो के लिए जो पक्का मकान की परिकल्पना देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने सोचा था की हर गरीब के पास पक्का मकान हो उनका परिवार भी सुख चैन से रहन सहन करें उनका अपना स्वयं का आशियाना हो। पूरा परिवार चैन की नींद सो सके, उनके लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लेकर आई द्य पूर्व में जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी गरीबो का आशियाना बनने भी लगा सपने साकार होने लगे लेकिन जैसे ही छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार सत्ता में बैठी वैसे ही सबसे पहले प्रहार गरीबो के सपना आवास पर पड़ा द्य उनका आवास छीन लिया गया द्य पूर्णतयः छत्तीसगढ़ में आवास योजना को बंद कर दिया गया है द्य हितग्राहियों को बताना चाहता हु कि पूरे देश मे इकलौता राज्य है जहां पर आवास योजना को बंद करके रखा गया है जबकि कांग्रेस की सरकार राजस्थान में भी है किंतु आवास योजना वहां चालू है द्य अपने आप को छत्तीसगरिया और गरीबो का मसीहा बताने वाले भूपेश की कांग्रेस शासन सही मायने में गरीबो और छत्तीसगरियो का दुश्मन है द्य अपने आवास को मांगने के लिए 28 फरवरी को उनके निवास का घेराव किया जाएगा उसको कुम्भकर्णी नींद से जगाया जाएगा द्य गरीबो के दुश्मन को उखाड़ फेंकने के अंतिम सांस तक लड़ा जाएगा द्य जितेन्द्र वर्मा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाकर कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन खड़ा करना है द्य प्रधानमंत्री जी के मन की बात को प्रत्येक बूथ में सुना जाएगा जिसके लिए मण्डल एवं जिला से प्रभारी नियुक्त किया गया है द्य विधानसभा प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि बूथ जीता विधानसभा जीता इस सूत्र के साथ काम करने की आवश्यकता है द्य बूथ में निवासरत हर स्तर के कार्यकर्ता अपने बूथ को सशक्त बनाने के लिए जुट जाएं विधानसभा का चुनाव बहुत नजदीक है, बूथ की संरचना पूर्ण कर लेवे द्य भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने स्वभाव और प्रभाव से जनता का विश्वास अर्जित करने के लिए निरंतर काम को गति प्रदान करते रहे द्य भाजपा कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री निवास सिरसा गेट भिलाई 3 में दिनांक 28 फरवरी 2023, समय दोपहर 1ः00 बजे को पहुंचने का आह्वान किया गया है। बैठक का संचालन लोकमनी चन्द्राकर अध्यक्ष उत्तर मण्डल पाटन एवं आभार प्रदर्शन खिलावन वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष ने किया । बैठक में प्रमुख रूप से विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, जितेंद्र वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्ग, सच्चिदानंद उपासने विधानसभा प्राभारी, श्रीमती हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य, खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल, लोकमनी चन्द्राकर मण्डल अध्यक्ष उत्तर, श्रीमति उपासना चन्द्राकर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, देवेंद्र चंदेल मध्यमण्डल प्राभारी, छगन लाल साहू सह प्रभारी, रोहित साहू प्रभारी दक्षिण मण्डल, राजेश चन्द्राकर सह प्रभारी, खिलावन वर्मा, दिलीप साहू, चूड़ामनी साहू, कामता प्रसाद, भूषण लाल साहू, विनोद चंद्राकर, तामेश्वर प्रताप, विनोद अग्रवाल, अरविन्द पाल, फेरहा राम धीवर, योगेंद्र साहू, नरेंद्र चंद्राकर, कुंदन देवांगन, धनेश यादव, शिव कुमार साहू, लक्ष्मण यादव, होरी लाल, जीतेन्द्र सेन, कृष्ण कुमार वर्मा, यशवंत दास, लक्ष्मण चंद्राकर, राजेश वर्मा, प्रकाश चंद्राकर, रामानंद चंद्राकर, हेसियाराम चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, शीतल चंद्राकर, नरेन्द्र साहू, कमलेश चंद्राकर, होरिलाल चंद्राकर, लक्समीनारायण चंद्राकर, रमाकांत यादव, प्रताप सिंह साहू, उतरा सोनवानी, ओमन चंद्राकर, हेमपु ठाकुर, चेला कोसे, कुलेश्वर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर

## 6 मार्च को अमेज़न,फ्लिपकार्ट सहित विदेशी कंपनियों के पुतलों की होली जलेगी:अमर पारवानी

**रायपुर 27 फरवरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि भारत में ई कॉमर्स व्यापार को बेहद विषाक्त करने तथा उसके स्वरुप को विकृत करने के विरोध में प्रचंड प्रदर्शन करते हुए देश भर के व्यापारी संगठन आगामी 6 मार्च को देश के सभी राज्यों के विभिन्न शहरों में विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट सहित विभिन्न विदेशी कंपनियों के पुतले की होली जलाएंगे और केंद्र सरकार से जोरदार शब्दों में उपभोक्ता क़ानून के अंतर्गत ई कॉमर्स के नियम एवं ई कॉमर्स पालिसी को जारी करने की मांग करेंगे ! यह घोषणा आज यहाँ दिल्ली में करते हुए कैट ने कहा की अब वक़्त आ गया है जब सरकार को ई कॉमर्स व्यापार की निगरानी एवं देख रेख के लिए सेबी अथवा ट्राई की तर्ज़ पर एक अधिकार संपन्न रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन भी करना चाहिए जिससे विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों द्वारा सरकार की नीतियों के लगातार उल्लंघन और मनमानी पर लगाम लगाई जा सके ! कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की 6 मार्च को देश में 500 से अधिक स्थानों पर अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट सहित अन्य विदेशी कंपनियों के पुतलों की होली जलाकर देश भर के व्यापारी इन कंपनियों द्वारा भारतीय ई कॉमर्स व्यापार को बंधक बनाये जाने के प्रति अपने गुस्से का इजहार करेंगे ! उन्होंने यह भी कहा की ई कॉमर्स पालिसी तथा ई कॉमर्स के नियमों का मामला एक लम्बे समय से लंबित है और जिस तरह से अन्य सभी व्यापारों के लिए नियम एवं क़ानून हैं, उसी प्रकार ई कॉमर्स के लिए भी नियम, क़ानून एवं नीति की सख्त जरूरत है !

## मुख्यमंत्री ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर उन्हें किया याद

**रायपुर, 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल की 27 फरवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने श्री शुक्ल के साथ बिताए समय को याद करते हुए कहा कि श्यामाचरण जी सरल सहज व्यक्तित्व के धनी होने के साथ एक कर्मठ राजनेता थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ और अविभाजित मध्यप्रदेश के लोगों की बेहतरी के लिए अनेक कार्य किए जिनके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

## अधिवेशन की ऐतिहासिक सफलता के लिये नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार:मोहन मरकाम

**रायपुर 27 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 85वें अधिवेशन की



ऐतिहासिक सफलता के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, देश भर से आये एआईसीसी डेलीगेट्स, पीसीसी डेलीगेट्स, आमंत्रित अतिथिगण के प्रति आभार व्यक्त किया है। अधिवेशन को अभूतपूर्व बनाने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष आभार जिनकी इच्छाशक्ति मार्गदर्शन से यह आयोजन हुआ। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष पवन बंसल, सह आयोजक तारिक अनवर, प्रभारी कुमारी सेलजा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उन सभी पदाधिकारियों जिनके प्रत्यक्ष मार्गदर्शन से इतना बड़ा आयोजन हुआ सभी के प्रति आभार एवं कृतज्ञता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिये सौभाग्य का था कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का अवसर राज्य को मिला। अधिवेशन को निर्बाध रूप से संपादित करना एक चुनौती थी। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की मेहनत से ही यह आयोजन सफलता के नये कीर्तिमान गढ़ सका। कांग्रेस पार्टी इस अधिवेशन की सफलता में जुटे सैकड़ों मजदूरों, कारीगरों, सहायक स्टाफ के प्रति तथा सुरक्षाकर्मियों प्रशासन अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस के अधिवेशन में पारित किये गये प्रस्ताव देश की आने वाली राजनीति को नई दिशा देंगे। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरूणाचल प्रदेश तक देश के कोने से यहां प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। इस सम्मेलन में सोनिया जी का बहुत प्रेरक संबोधन, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी, राहुल जी और प्रियंका जी के साथ वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने जमीनी कार्यकर्ताओं में एक नयी उमंग पैदा कर दी है।

## मुख्यमंत्री ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री चंद्रशेखर आजाद की 27 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्री आजाद की देश भक्ति और साहस आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। मातृभूमि की आजादी के लिए उनमें अद्भुत जुनून था। आजाद जी ने संकल्प लिया था कि ब्रिटिश सरकार के सामने कभी घुटने नहीं टेकेंगे, आजाद हैं आजाद ही रहेंगे। उन्होंने अपना संकल्प टूटने नहीं दिया और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। श्री बघेल ने कहा कि चंद्रशेखर जी के बलिदान ने हजारों युवाओं के भीतर क्रांति की मशाल जला दी। उनका बलिदान अमूल्य है, जिसका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता।

# प्राकृतिक पेंट से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से हो रही हैं मजबूत

**रायपुर 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरवा और बाड़ी व गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही अन्य सामग्रियों का निर्माण महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा हैं। गौमूत्र से फसल कीटनाशक और जीवामृत तैयार किये जा रहे हैं। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना (रीपा) आत्मनिर्भरता और सफलता की नई इबारत लिख रही है। इन सबके साथ अब गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने का काम भी पूरे प्रदेश में शुरू हो चुका है महिलाएं प्रशिक्षण लेकर स्व सहायता समूहों के माध्यम से पेंट का निर्माण कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण के लिए राज्य में 42 उत्पादन इकाइयों को स्वीकृती दी गयी है। इनमें से 13 उत्पादन इकाइयों की की



स्थापना हो चुकी है जबकि 21 जिलों में 29 इकाइयां स्थापना के लिए प्रक्रियाधीन हैं। शासन का निर्देश है कि सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का इस्तेमाल हो। कोरिया जिले के ग्राम मझगंवा में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत यहां गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की इकाई शुरू हो गयी है। यहां प्रगति स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर पेंट बनाने का कार्य शुरू किया गया है। 15 दिनों के अंदर ही समूह ने 800 लीटर पेंट बनाया है जिसमें से 500 लीटर पेंट का विक्रय किया जा चुका है। पेंट की कीमत लगभग 60 हजार रुपये है। गोबर से बने प्राकृतिक पेंट को सी-मार्ट के माध्यम से खुले बाजार में बेचने के लिए रखा जा रहा है।

पर्यावरण के अनुकूल है प्राकृतिक पेंट

गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट में एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल, पर्यावरण अनुकूल, प्राकृतिक ऊष्मा रोधक, किफायती, भारी धातु मुक्त, अविषाक्त एवं गंध रहित गुण पाये जाते हैं। गुणों को देखते हुये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समस्त शासकीय भवनों की रंगाई हेतु गोबर से प्रकृतिक पेंट के उपयोग के निर्देश दिये गए हैं।

पेंट निर्माण से ग्रामीण महिलाओं को हो रहा लाभ

गोबर से पेंट बनाने की प्रक्रिया में पहले गोबर और पानी के मिश्रण को मशीन में डालकर अच्छी तरह से मिलाया जाता है और फिर बारीक जाली से छानकर अघुलनशील पदार्थ हटा लिया जाता है। फिर कुछ रसायनों का उपयोग करके

## मनरेगा से बने कुएं से खेती कर बढ़ाया मुनाफा

**बिलासपुर 27 फरवरी।** मनरेगा से बने कुएं से खेती कर बढ़ाया मुनाफा विकासखण्ड कोटा के सेमरिया निवासी श्री विजय कुमार का जीवन संवर गया।विकासखण्ड कोटा के सेमरिया निवासी श्री विजय कुमार का जीवन संवर गया है। महात्मा गांधी नरेगा के तहत उनके भूमि पर हुए कूप निर्माण से उनकी भूमि अब लह-लहा रही है। श्री विजय की आर्थिक स्थिति के साथ-साथ उनकी बंजर भूमि भी उपजाऊ हो चुकी है। वे धान के अलावा सब्जियों की खेती कर अपने पूरे परिवार का भरण-पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा पूरी करने में भी सशक्त हो गए है। सेमरिया के किसान श्री विजय कुमार बताते हैं कि उनके पास 3 एकड़ कृषि भूमि है।

# संवेदनशीलता ही पत्रकार का मौलिक कर्तव्य: प्रताप सोमवंशी

**प्रयागराज 27 फरवरी।** नेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट आथर एंड मीडिया के संयोजन में डा. अनिल कुमार मिश्र लिखित पुस्तक ग्रामीण पत्रकारिता ः सरोकार और सवाल का लोकार्पण और विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रताप सोमवंशी ने कहा कि संवेदनशील होना ही किसी भी पत्रकार का मौलिक कर्तव्य है।

विदर्भ के किसानों की आत्महत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता में डॉक्यूमेंटेशन बहुत बड़ी प्रक्रिया है, जिसे तथ्यों और साक्ष्यों के साथ जुटाए जाने पर महाराष्ट्र सरकार को भी आधिकारिक रूप में किसानों द्वारा आत्म हत्या किया जाना न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि किसान आत्महत्या करते हैं, लेकिन उसको सरकार नहीं मानती है, और मृत्यु के दूसरे कारण बताती है। इसी प्रकार दुर्भाग्यजनक ढंग से आज तक ग्रामीण महिलाओं की आत्महत्या को किसानों से नहीं जोड़ा गया। जबकि आत्महत्या करने वाली महिलाएं घरेलू परेशानियों और कभी उपज के कम होने या सही मूल्य न मिलने के हताशा में आत्महत्या करती हैं।

सिविल लाइंस स्थित हिन्दुस्तानी एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इतिहासकार प्रोफेसर हेरंब चतुर्वेदी ने सभागार में लगी पहली तस्वीर अकबर इलाहाबादी का जिक्र करते



हुए कहा कि उनकी यह लाइन खींचो ना कमानो को न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो अखबार निकालो इस लिहाज से पत्रकारिता आज भी बड़ी से बड़ी शक्ति का सामना कर सकती है। उन्होंने कहा कि गांव की यात्रा करना ही वास्तविक भारतीय यात्रा है जिसका चित्रण करना हर पत्रकार का दायित्व है।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि प्रवीण शेखर ने कहा कि यह पुस्तक पत्रकार की आपबीती अनुभवों के संकलन का एक दस्तावेज है। ग्रामीण समाज की पत्रकारिता लोक भाषा, लोक जीवन, लोकगीत, खानपान, रीति रिवाज की संकलित झांकी है। शोध पूर्ण यह पुस्तक ग्रामीण जीवन के प्रति लगाव का प्रतिफल है। प्रकाशित पुस्तक में देश के चुनिंदा पत्रकारों का साक्षात्कार इस पुस्तक को जीवंत करती है। इसके पूर्व बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमितेश कुमार ने पुस्तक की वृहद मीमांसा की। उन्होंने कहा कि पुस्तक में पत्रकारों की बुनियादी समस्याओं को उठाने के साथ ही समाधान भी दिया गया है। अमितेश ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता के लिए रिपोर्टिंग करना शहरी मापदंडों से अलग है और उस कला को सीखना पड़ेगा। अमितेश ने कहा कि पुस्तक में लिखी आधार सामग्री यथार्थ में गांव के हित के लिए है,जो लोगों को विपरीत लगती है। आर्थिक असुरक्षा के कारण भी सही रिपोर्टिंग नहीं हो पा रही है।

लोकार्पण समारोह को विशिष्ट अतिथि के के रूप में संबोधित करते हुए कवि एवं साहित्यकार यश मालवीय ने कहा कि इस पुस्तक के आने से उन सबका मान बढ़ा है। उन्होंने कैलाश गौतम की यह कविता सुनाते हुए कटाक्ष किया कि गांव गया था, गांव से भागा। यश ने यथार्थ का चित्रण करते हुए प्रताप सोमवंशी की कविता- हरा एक पेड़ काटा जा रहा है उसे प्रतिशत में बांटा जा रहा है का जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकारों का दायित्व सरकार के विरुद्ध खड़े रहना है। उनका यश ज्ञान करना नहीं है। यश ने प्रताप सोमवंशी की कविता के जरिए उम्मीद जताई की उम्मीदों के पंछी के पर निकलेंगे, मेरे बच्चे मुझसे बेहतर निकलेंगे। यश ने प्रताप सोमवंशी को दूसरी पीढ़ी के पत्रकारों को तैयार करने के लिए और आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद भी दिया।

इसी क्रम में डॉ रुचि मीतल ने गांव से शहरों में पढ़ने आने वाले बच्चों की परेशानियों का जिक्र किया और कहा कि इस गैप को बाटने के लिए विद्यार्थी कैसा जोखिम उठाते हैं इस विषय पर बात नहीं होती है।

प्रारंभ में फेडरेशन के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों और उपस्थित जनों का स्वागत किया। फेडरेशन द्वारा समस्त अतिथियों का भी बुके, अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुस्तक लेखक डॉक्टर अनिल कुमार मिश्र ने किया और आभार प्रदर्शन नेशनल व्हील्स के संपादक और फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया। इस दौरान श्रृंगवेरपुर साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष डॉ भृगु कुमार मिश्र, श्रृंगवेरपुर धाम प्रेस एवं पत्रकार परिषद के अध्यक्ष गोपाल पाण्डेय, डेटा एक्सपर्ट न्यूज के आफताब अहमद, भाजपा नेता शिव प्रसाद मिश्र, अनिरुद्ध ओझा, एजी ऑफिस के ऑल इंडिया नेता प्रमोद कुमार मिश्र, मनोज पांडे, राजमणि शास्त्री, आरती मालवीय एडवोकेट मोनिका आर्य, कृष्णम पांडेय, रामनरेश त्रिपाठी, विजय प्रकाश मिश्र, प्रभु शंकर शुक्ल,ललित त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## ग्राम सलोनी घुमका मे दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता संपन्न

**घुमका 27 फरवरी।** समर्पण मानस, जस जगराता एवं फाग परिवार



व ग्राम वासियों के सहयोग से दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता संपन्न हुआ, समापन समारोह में मुख्य अतिथि योगेंद्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस, अध्यक्षता श्रीमती हंसा सिन्हा सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव, विनोद किरण बारले जनपद सदस्य, सुनील कोठारी महासचिव युवा कांग्रेस, परदेशी राम सोनबोइर महामंत्री भाजपा, राजकुमार संघारे पूर्व सरपंच, समिति सदस्य द्वारा अतिथियों बैच एवं तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किए श्रीमती हंसा सिन्हा ने समर्पन मानस मंडली को 21000/ राशि का जनपद निधी से सहयोग प्रदान करने का घोषना किए एवं श्रीमती विनोद किरण बारले ने अपने जनपद निधि से सहयोग राशि का बौछार लगा दिया जिसमे समर्पण जस परिवार को 11000 मां शारदा मानस मंडली को 11000 शिव शक्ति कृषक क्लब को 5000 युवा क्रिकेट क्लब को 3000 राशि प्रदान करने की घोषणा की। योगेन्द्र दास वैष्णव ने अपने उद्बोधन में आयोजक गणों को बधाई दिए, कहा कि फाग प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे धर्म संस्कृति के बखान किया जाता है जिससे हमारे युवा पीढ़ी छोटे छोटे बच्चे पर प्रभाव पड़ता है धार्मिक आयोजन गांव संस्कृति अलग पहचान होती है, श्रीकृष्ण भगवान राधा रानी जी प्रेम के प्रतीक हैं, जिनके गाथा को फागुन माह में बड़े जोरों से गाया जाता है, भक्त प्रहलाद को हिरण्यकश्यप ने आठ दिनों तक नाना प्रकार प्रताड़ित कर थे, अपने बहन होलिका के साथ आठवें दिन भक्त प्रहलाद को होलीका के साथ आग जलाने की कोशिश किए पर भक्त प्रह्लाद तो श्री हरि भक्त थे, जिनके सर ऊपर वाले का हाथ हो तो कोन क्या बिगाड़ेगा। स्वयं होलीका वो अग्नि में दहन हो जाती है। भक्त प्रहलाद सुरक्षित रहता है, हमे हर घड़ी प्रभु सुमरण का करना चाहिए। जिससे हमें मोक्ष प्राप्ति हो और होली पर्व में भेदभाव दुर कर आपसी प्रेम के त्यौहार मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उत्तम साहु पंच, नंदकुमार वर्मा पंच, संतोषी सेन पंच, कमलकांत साहु, समिति अध्यक्ष नूतन यादव, सचिव अमर चौधरी, सदस्य कमलेश साहु, देवेन्द्र साहु, परस साहु, केमन साहु, चोखे वर्मा, अग्रेश्वर यादव, धनराज यादव, पूर्णानंद साहू, कमलेश यादव सहित सदस्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# संकुल केन्द्र दर्रा में सम्मान समारोह के साथ भारत माता की मूर्ति की गई स्थापित

**अंवरी 27 फरवरी।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर रचनात्मक उद्देश्य परक प्रयास की दिशा में दिनांक 22 फरवरी को संकुल केंद्र दर्रा में शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला दर्रा के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक सहभागिता पर आधरित विद्यांजलि कार्यक्रम,मातृ उन्मुखीकरण सम्मान समारोह (अंगना मा शिक्षा),सेवानिवृत्त उत्कृष्ट प्रधानपाठक सम्मान एवं भारत माता मूर्ति स्थापना समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत विजेंद्र साहेब, संत पवन साहेब, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डाइट नगरी प्राचार्य डॉक्टर व्ही पी चन्द्रा,ब्रजेश बाजपेयी जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी, देवेश सूर्यवंशी जिला मिशन समन्वयक, नंदकिशोर साहू सहायक जिला मिशन समन्वयक, राजेश पाण्डे विकासखंड स्रोत समन्वयक कुरूद की मुख्य रूप से उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ उमादेवी रुद्रप्रताप साहू (सीआरपीएफ जवान) द्वारा अपने पिता स्वर्गीय बनवाली राम साहू की स्मृति मैं प्रदान किए गए भारत माता की मूर्ति का अनावरण के साथ किया गया।तत्पश्चात सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत जवाहर बाफना द्वारा अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय घेवर चंद बाफना की पुण्य स्मृति में विद्यालय को भेंट किया गया स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण, संत विजेंद्र साहेब के द्वारा प्रदत 1 लाख 25 हजार की राशि से निर्मित संत कबीर दास, संत अभिलाष साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं ग्राम दर्रा के मजदूर कृषक रामेश्वर साहू के द्वारा विद्यालय को भेंट किए गए मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजा-आराधना के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पालकगण, गांव के गणमान्य नागरिक, शिक्षा एवम खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सम्मानित किए जाने वाली माताओं, एसएमसी सदसयों एवं पदाधिकारीगण, नवापारा नगर से पधारे हुए नगर उद्यमियों,समाजसेवी डॉक्टर के टीम उपस्थित थे।

## भारत देश जैसा प्रेमभाव और सुख किसी देश में नहीं: असंग साहेब



**अंवरी 27 फरवरी।** ग्राम पंचायत अटंग के प्रेमनगर गौशाला मैदान में कबीर सत्संग समिति एवम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 23 और 24 फरवरी को दो दिवसीय दिव्य सुखद सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवचन देने राष्ट्रीय प्रवचनकर्ता सदगुरु असंग साहेब थे। वे अपनी संत मंडली, महंत, साध्वी के साथ पहुंचे हुए थे। 23 फरवरी गुरुवार को शुभारंभ दिवस पर अजय चंद्राकर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक कुरूद का आगमन हुआ था। साथ ही अंतिम दिवस में शुक्रवार को नीलम चंद्राकर अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद विशेष रूप से उपस्थित हुए। साथ ही मुकेश कोसरे ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी भखारा, गोविंद साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी शिरकत किए। असंग साहेब ने सत्संग में पहुंचे जनप्रतिनिधियों का हार पहनाकर सम्मान किया। साथ ही अपने प्रवचन में कहा कि इंसान को किसी की निंदा करने में अपना समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बल्कि वहीं समय, वह ऊर्जा अपनी तरक्की के निरंतर चरण में लगाना चाहिए जिससे कि आपका लक्ष्य और उद्देश्य पूरा हो सके। किसी के यश, वैभव, कीर्ति को देखकर उससे ईर्ष्या करने वाले कभी ऊंचा मुकाम हासिल नहीं कर सकते और दूसरों के खुशी में खुश होने वालों की परमात्मा हमेशा मदद करते हैं। गरीबों का ख्याल करने वाले लोग स्वयं गरीबी से ऊपर उठ जाते हैं और अमीरों की निंदा करने वाले गरीब हो जाते हैं। धन और धनवान दोनों को ही बुराई नहीं करनी चाहिए। क्योंकि धन जीवन के विनिमय का साधन है। नीलम चंद्राकर ने कहा कि मानव जीवन के पथ पर भटके हुए लोगों को सत्संग के संपूर्ण राह दिखाती है। सत्संग मोह माया के मझधार में फंसे लोगों की आंखे खोल देती है। राष्ट्रीय प्रवचनकर्ता असंग साहेब को सुनने और सत्संग का लाभ लेने हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी रही। मौके पर अमृतदास विष्णु राम, बिसाहु राम, किशन लाल, मन्नूलाल, निरंजन सिंह, धूषण लाल ,वेदप्रकाश, रोशन चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद, शिवकुमार टेकराम, खेमराज मिलऊराम प्रकाश , टेकराम, गणेश राम विमल, झगरूराम दाऊलाल रुद्रनाथ, रानू लाल, गोकुल राम, गुरुदयाल, भोज राम, गोविंद राम, सुधु राम हेमलाल, कमल प्रसाद, राजेश, चिंताराम श्रवण खेलू राम ,शत्रुघ्न इंद्र कुमार, दीनदयाल, भीखम, कलीराम, कुंवर सिंह, फत्ते लाल, भीमसेन, तामेश्वर, इंद्रु राम भागवत, सोमप्रकाश गुमान राम पुरुषोत्तम, छोटू राम, चंद्रहास गुलाइची, रेणुका गायत्री, विनीता, संगीता, सोमेश्वरी, ममता, कविता, रुखमणी, कौशल्या, कुचला, सीतेश्वरी, रूपवती, कचराबाई, इंद्राणी, शारदा, अनीता सहित समिति के कार्यकर्ता, अन्य ग्रामीणों ने कार्यक्रम की देखरेख ओर सफल संचालन करने में मुख्य भूमिका निभाई।

## कथा मनुष्य का जीवन बदल सकती है:शंभूशरण लाटा

**रायपुर 27 फरवरी।** कथा क्या नहीं कर सकती कथा जो कर सकती है वह अन्य कोई नहीं कर सकता। कथा मनुष्य का ह्रदय परिवर्तन कर सकती है और ह्रदय परिवर्तन कोई नहीं करा सकता। यह कल युग का प्रभाव है इसमें किसी का दोष नहीं। धर्म को केवल कथा ने ही बचा रखा है। कथा व्यापार बन गई कथा को धंधा बना कर इसे गंदा कर दिया है। आज फाटक नहीं है कथा को नाटक बनाकर रख दिया है। संत श्री शंभूशरण लाटा ने गुढियारी जनता कॉलोनी में रामकथा का वाचन करते हुए ये बातें श्रद्धालुजनों को बताई। उन्होने कहा कि इस कलयुग में लोगों को अपने विवेक से काम लेना चाहिये। किसी कथाकार या गुरू के पीछे नहीं भागना चाहिये आज यह दशा है कि कथाकारों के एजेंट हैं और व कथा का रेट तय करते हैं इससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है।

# साइकिल चोरी का आरोपी पकड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 फरवरी।** 25 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिला कि गोपेन्द्र बंजारे निवासी कोठार पारा द्वारा कई चोरी की सायकिल अपने पास रखा है कि सूचना पर कार्यवाही हेतु टीम गठित कर गोपेन्द्र बंजारे को पकड़ा गया पूछताछ पर 04 चोरी का सायकिल मोहल्ले के 04 नाबालिग लड़को से खरीदने की पता बताया तथा गोपेन्द्र बंजारे के कब्जे से 04 नग सायकिल कीमती 22,000 रूपये की जप्ती हुई अन्य 04 नाबालिग बच्चों का पता किया गया पूछताछ पर सायकिल चोरी की बात कबूल किये तथा चोरी की सायकल को गोपेन्द्र बंजारे को बहुत कम कीमती में बेंचकर गोपेन्द्र बंजारे से प्राप्त 500-500-500 तथा 200 रूपये को खाने पीने में खर्च कर देने की बात बताये। 04 नाबिलिग बच्चों से भी अन्य 05 सायकिल जिसे चौपाटी तथा स्टेडियम से चुराकर अपने पास छिपाकर रखे थे की भी जप्ती कराये। कुल 42,000 रूपये करीब 09 सायकिल की जप्ती की गई। विधिवत



कार्यवाही पूर्ण किया गया सायकिल चोरी में आरोपी गोपेन्द्र बंजारे पिता नोहर दास बंजारे उम्र 35 साल साकिन नंदई चौक कोठारपारा वार्ड नंबर 48 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव की गिरफ्तारी कर रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में टीम बनाकर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा सायकिल चोरी के मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक हेमवन्त चन्द्राकर, उप निरीक्षक हरिश्चन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक मेनका साहू, खुशबू नागवंषी, आरक्षक विभाष राजपूत प्रवीण मेश्राम देवेन्द्र पाल की भूमिका सराहनीय रही है। शहर के आम नागरिको से अपील की जाती है कि जिनकी भी सायकिल चोरी हुई है थाना बसंतपुर में आकर अपनी सायकिल पहचान कर आवश?यक कार्यवाही कराने में सहयोग करें।

## वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**रायपुर 27 फरवरी।** जिला रायपुर को सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने की एक नई सौगात मिल रही है। रायपुर जिले में जिला न्यायालय परिसर में वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के नवनिमित भवन का लोकार्पण किया जा रहा है। उक्त भवन का लोकार्पण छ0ग0 उच्च न्यायालय बिलासपुर के माननीय न्यायमूर्ति श्री अरूप कुमार गोस्वामी के करकमलों से तथा छ0ग0 उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं फोर्टफोलियों जज माननीय श्री गौतम भादुड़ी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रातः 11ः00 बजे संपन्न होगी। उक्त भवन के निर्माण से पक्षकारों को सर्वसुविधा संपन्न भवन प्राप्त होगा, जिसमें वे निःशुल्क विधिक सहायता विभिन्न विषयों पर प्राप्त कर सकते हैं।

### अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर राजस्व प्रकरणों का निराकरण

# प्राथमिकता से करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 फरवरी।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोटर सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व के कार्य महत्वपूर्ण है, इस पर विशेष ध्यान देते हुए नामांतरण, बटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर में शामिल होने के लिए कहा तथा फिल्ड में जाकर दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र का कार्य लंबित न रहें। जिले मे आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य शीघ्र करें और इसके लिए एक व्यवस्था विकसित करें। मुख्यमंत्री श्री



भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम की घोषणा एवं मांग पर अमल करते हुए शीघ्रता से इस कार्य को पूरा करें। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं को प्रब्याजी 10 प्रतिशत राशि भू-आबंटन करने के निर्देश दिए। चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों को भुगतान हेतु सत्यापन के कार्य में तेजी लाएं। शासकीय भूमि का आबंटन शासकीय विभागों के लिए किया जाना है। ऐसे चिन्हांकित शासकीय भूमि के क्लीयर होने पर अग्रिम आधिपत्य दें। उन्होंने अधिकारियों से गौठान मेला के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि के कारण हुई क्षति तथा आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड के लिए सभी अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान निरीक्षण करें। लोक सेवा केन्द्र का भी निरीक्षण करें। उन्होंने चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत आवश्यक तैयारी करने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि जिस मार्ग के पदयात्री जाते हैं, उनके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ग्रामवासियों, स्वयंसेवी संस्था सहित जनसामान्य को शामिल करें। कलेक्टर श्री सिंह ने चारागाह वन अधिकार पत्र, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, मसाहती-असर्वेक्षित ग्रामों के राजस्व सर्वेक्षण की प्रगति, अविवादित नामांतरण की जानकारी, न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा रिपोर्ट, अविवादित खाता विभाजन-बटवारा की जानकारी, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की स्थिति, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान की स्थिति, नगरीय क्षेत्रामें 7500 वर्गफीट तक अतिक्रमित शासकीय नजूल भूमि का आबंटन, नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित शासकीय भूमि का व्यवस्थापन, ई-कोर्ट की जानकारी, डिजिटल हस्ताक्षर से हस्ताक्षरित खसरों की संख्या व प्रतिशत, भूईयां सॉफ्टवेयर में अभिलेख शुद्धता की जानकारी, आदिवासी भूमि बिक्री मंजूरी के प्रकरण, वृक्ष कटाई हेतु अनुमति, मौसम रबी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत औसत उपज का ऑनलाईन एण्ट्री की प्रगति, राजीव युवा मितान क्लबों की स्थापना एवं अवैध निर्माण का नियमितिकरण की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम श्री अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्अर अभिषेक गुप्ता सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# भूपेश बघेल की सराहना तो होगी ही

कांग्रेस का 85 वां अधिवेशन रायपुर में हुआ तथा पहेल जिस तरह ऐतिहासिक,गरिमामय व यादगाह हुआ करता था, इस बार भी वैसा ही हुआ है,सीएम भूपेश बगेल ने इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पूरी छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए जिस एकजुटता का परिचय दिया वह भी सराहनीय है। छत्तीसगढ़ चुनाव जीतने के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस का यह आयोजन भी उसके लिए चुनौती के समान था। एकदम नई चुनौती, इसका पहले किसी को कोई अनुभव नहीं फिर भी भूपेश बघेल व मोहन मरकाम के नेतृत्व में कांग्रेस ने यह काम शानदार ढंग से किया है। स्वागत,रहने खाने से लेकर हर कार्यकम के लिए इतनी बेहतरीने व्यव्सथा की गई थी कि यहां जो भी आया है वह भूपेश बघेल की सराहना जरूर करेगा। जब भी कांग्रेस के अधिवेश की बात होगी तो छत्तीसगढ़ अधिवेशन को भी योद किया जाएगा। इस अधिवेशन से कांग्रेस ने कई बाते साफ कर दी है। उसने चुनाव के लिए अपना स्पष्ट रोड मैप तय कर लिया है। यह साफ हो गया है कि वह कब क्या करने वाली है, कैसे करने वाली है। इस अधिवेशन में बहुत कुछ तो वही हुआ तो तय हुआ था। अप्रत्याशित कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का संकेत था। किसी को उम्मीद नहीं थी छत्तीसगढ़ के अधिवेशन में सोनिया गंधी ऐसा कुछ संकेत देंगी। जब सोनिया गांधी ने संक्त दिया तो अधिवेशन स्थल पर इसी वजह से सन्नाटा छा गया था। सोनिया गांधी ने यह संक्त देना इसलिए जरूरी समझा क्योंकि यह ऐतिहासिक अवसर था। ऐसै मौके पर यह संकेत देना जरूरी था कि वह कांग्रेस को अब अपनी छाया से मुक्त कर देना चाहती है,कांग्रेस के पास अनुभाव अध्यक्ष है तथा राहुल गांधी भी भारत जोड़ो यात्रा से गंबीर व परिपक्व नेता के रूप में निखर कर सामने आए हैं। इससे कांग्रेस को जितनी राहत मिली है, उससे ज्यादा सोनिया गांधी को मिली हैं। सोनिया गांधी के लिए उन पर निर्भर बुजुर्ग नेताओं को भी यह स्पष्ट कर देना जरूरी लगा कि वह अब उनसे कोई अपेक्षा न रखें। अब जो करना है राहुल गांधी के साथ कांगरेस अध्यक्ष खड़गे ही करेंगे। तीसरे दिन कांग्रस को ऐसा लगा कि सोनिया गांधी के संन्यास के संकेत से गलद मैसेज जा सकता है तो अलका लांबा के जरिए सफाई दी गई कि ऐसा कुछ नहीं है।यदि आप मेरी तरह खुद खुद ही नही हटोगे तो बुजुर्ग लोगे तो बाद में उन्हें दूसरे तरीके से हटाया जाएगा। बुजुग्र् को हटाने की शुरुआत संगठन से होगी तथा धीरे धीरे उसका विस्तार सत्ता में भी किया जाएगा। चूंकि अभी दो साल चुनाव होने हैं, इसलिए कांग्रेस ने अपने सत्ता में बैठे लोगों, उनके विवाद, टिकट किसे मिलेगी किसे नहीं मिलेगी,इन तमाम बातों पर चुप रहना जरूरी समझा। वैसी ही कई राज्यो में विवाद है, कांग्रेस और विवाद से बचना चाहती है। कांग्रेस नेता पार्टी की सेकंड लाइन का अभीव महसूस कर रह थे, इसे तैयार करना जरूरी थी, इस पर खास जोर दिया गया है। संगठन में महिलाओं,युवाओं सहित सभी लोगों को जगह देने का फैसला भी अच्छा है, इससे सभी लोगों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, कांग्रेस संगठन के तौर पर मजबूत होगी। पार्टी की बेहतरी के लिए जो भी जरूरी संशोधन करने थे , कर दिए गए हैं। जहां तक गांधी परिवार का सवाल है, उसके दबदबे को बनाए रखने के लिए जो कुछ जरूरी था किया गया है। यह साफ कर दिया गया है कि अध्यक्ष कोई भी नेता तो राहुल गांधी ही होंगे। अब पार्टी में राहुल गांधी की चलेगी, प्रियंका गांधी नंबर दो पर रेहेंगी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे रहेंगे। जहां तक सवाल विपक्षी एकता को है तो कांग्रेस ने कहा है कि राज्यों में पार्टी की ताकक के हिसाब से अलग अलग फार्मूला बनाया होगा। यानी साफ कर दिया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का कोई साझा उम्मीदवाह नहीं होगा। कांग्रेश की कोशिश हो कि वह ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतें ताकि चुनाव के बाद तौल मौल करने में उसका पलड़ा भारी रहे। विपक्ष को कांग्रेस का यह फार्मूला कितना पसंद आता है यह आने वाले दिनों में सफ हो जाएगा। जहां तक अगले एक दो साल कांग्रेस के मुद्दे तो वही होंगे जो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में उठाते रहे हैं, देश में नफरत का माहोल, महेगाई व बेरोजगारी। कुछ लोगों को हैरानी हो सकती है कि अधिवेशन में ईडी व आईटी के छापों की तो चर्चा हुई । इसी तरह कांग्रेस ने अधिवेशन में धर्मनिरपेक्षता का नाम तक नहीं लिया, उसकी जगह उसने भाजपा के हिंदुत्व के जवाब मे सामाजिक न्याय व समरसता की बात कही है। यह पहलो अधिवेशन है जिसमें कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता नाम तक लेना जरूरी नहीं समझा है। यह नए कांग्रेस की नई रणनीति होसकती है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। आप भी व्यस्त रहने से थकान महसूस कर सकते हैं। अपनी दिनचर्या को संतुलित तथा व्यवस्थित करना पड़ेगा जिससे अधिकतर काम समय पर पूरे होते जाएंगे। बच्चों को समय दें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों तथा युवाओं को इंटरव्यू व करियर संबंधी परीक्षा में सफलता की पूरी संभावना है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आज मनोवांछित फल प्राप्त होगा। समय की कोई कमी नहीं रहेगी। व्यवसायिक तौर पर ग्रह स्थितियां आपके पक्ष में हैं। कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव संबंधी योजनाएं बन सकती है। तरक्की के भी उचित अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी पेशा व्यक्ति अपने कार्य को बहुत सावधानी पूर्वक करें, क्योंकि कोई गलती होने की आशंका लग रही है। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज भाग्य आपके मनोनुकूल रहेगा। समय पर कार्य सम्पन्न होंगे। कुछ समय खुद के लिए भी बिताए। इससे आपको शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ ऊर्जा भी मिलेगी। आपको अपनी दिनचर्या संबंधी कामों को पूरा करने में पारिवारिक सदस्यों की मदद भी मिल सकती है। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका सामाजिक दायरा और पारिवारिक सम्बंध यश को बढाएंगे।कार्यक्षेत्र में अपने प्रतिद्वंदियों के सामने आपकी ही यशोगाथा रहेगी। आपका कोई कर्मचारी साथी आपकी योजना को लीक कर सकता है। इससे सावधान रहें और लापरवाही बिल्कुल ना करें। सभी कार्यो पर पैनी नजर अवश्य रखें। नौकरी में भी किसी के साथ भी उलझे नहीं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आपकी ऊर्जा आज आपका भरपूर साथ देंगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों का आप बखूबी निर्वाह करेंगे। आपका उदारवादी व सहायक दृष्टिकोण सामाजिक कार्यो में एक बेहतरीन मिसाल के रूप में सामने आएगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थी भी अपनी पढ़ाई के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्र रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका मनोबल बढेगा। शत्रु पक्ष परास्त होंगे। लेकिन सावधानी फिर भी रखनी पडेगी। कोई भी व्यापारिक नया काम आज न शुरू करें तो सही है। आज स्थिति अधिक आपका साथ देगी है। कार्यक्षेत्र में सावधानी बरतना आवश्यक है। नौकरी पेशा व्यक्ति अपने काम को बखूबी अंजाम दे पाएंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आध्यात्मिक कार्यो में रूचि और बढेगी। आप अधिकतर समय धार्मिक तथा सामाजिक संबंधी सहयोगात्मक कार्य में व्यतीत होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति भी आपका विशेष रुझान हो रहा है। इस समय आपके व्यक्तित्व के उत्थान संबंधी कुछ नए मार्ग साफ होने जा रहे हैं। सबका साथ मिलेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आप अधिकतर समय व्यस्त रहने मे व्यतीत होगा। अपने कुछ नजदीकी और विश्वसनीय मित्रों के साथ अपने कामकाज संबंधी विचार-विमर्श अवश्य करें। आपको बेहतरीन मार्गदर्शन प्राप्त होगा। तथा लाभदायक अनुबंध भी मिलने के योग हैं। परंतु इस बात का ध्यान भी अवश्य रखें कि आपकी रूचि धर्म कर्म में कम न हो। स्वास्थ्य बेहतर होगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज किस्मत आपके साथ है। व्यवसायिक विकास के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति का साथ तथा आपके राजनीतिक संपर्क बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को अपने किसी लक्ष्य को पूरा करने से प्रमोशन वगैराह भी मिल सकता है। विद्यार्थियों का मन विद्या ग्रहण करने में लगेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज मन की सुने और खुश रहें। अपने कार्यो से संबंधित नीतियों पर दोबारा विचार करके उनमें और अधिक सुधार लाने की कोशिश करें सफलता आपका इंतजार कर रही है। आपको सकारात्मक परिणाम अवश्य हासिल होंगे। विद्यार्थियों का अपनी शिक्षा के प्रति पूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित रखना उन्हें कोई उपलब्धि भी हासिल करवा सकता है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।


**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आप आपकी सकारात्मक सोच आपको ऊँचाइयों तक ले जाएगी। अपना पूर्ण ध्यान अपने कार्यस्थल पर केंद्रित रखें तथा दूसरों की सलाह की अपेक्षा अपने विचारों को ही प्राथमिकता दें क्योंकि ऐसा करने से वहाँ भी सफल आप ही होंगे। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज आप शान्तिपूर्ण तरीके से समय बिता पाएंगे। कोई भी काम करने से पहले उसके सभी पहलुओं पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। इससे परिस्थितियां पूर्णता आपके पक्ष में हो जाएगी। काफी समय से चल रही किसी काम में रुकावट भी आज दूर होगी। कुल मिलाकर शांति और सुकून भरा दिन व्यतीत होगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

# ..तो दक्षिणपंथियों को इसलिये है कांग्रेस से नफरत

000

**तनवीर जाफरी**



स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करते हुये जिस कांग्रेस पार्टी ने भारतवर्ष को अंग्रेज़ों की ग़ुलामी की ज़ंजीरों से मुक्त कराया था,जिस कांग्रेस पार्टी को दुनिया गांधीवादी दर्शन एवं विचारों पर चलने वाली पार्टी के रूप में जानती है,उसी ऐतिहासिक कांग्रेस पार्टी को देश से समाप्त किये जाने का गोया एक अभियान दक्षिणपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा दशकों से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो कई बार अपनी चुनावी जन सभाओं में 'कांग्रेस मुक्त' भारत बनाये जाने जैसी बातें करते रहे हैं। निश्चित रूप से 2014 से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी को काफ़ी संकट का सामना भी करना पड़ा है। कांग्रेस को सबसे अधिक नुक़सान पार्टी में ही छुपे बैठे दर्जनों 'जय चंदों ' और 'मीर जाफ़रों ' से उठाना पड़ा है जो सत्ता की लालच में गांधीवादी विचारधारा वाली पार्टी को छोड़कर धुर विरोधी विचारधारा रखने वाली दक्षिणपंथी पार्टी से जा मिले। तो अनेक नेताओं को सत्ता द्वारा ई डी,इनकम टैक्स या सी बी आई का भय दिखाकर उन्हें अपने पक्ष में कर लिया गया। अनेक बार यह भी देखा गया कि भ्रष्ट या अपराधी क़िस्म का कोई नेता कांग्रेस या दूसरी पार्टी छोड़कर यदि भाजपा में शामिल हुआ तो उसके विरुद्ध होने वाली जांच या कार्रवाइयां रोक दी गयीं। तभी मीडिया के एक वर्ग ने भाजपा को भ्रष्टाचार और अपराध धोने वाली 'वाशिंग मशीन ' का नाम भी दिया था। देश की संसद हो या चुनावी जानसभायें,भाजपा के शीर्ष नेताओं से लेकर राज्यों व ज़िला स्तर के छुटभैय्ये नेताओं तक, सभी एक फ़ैशन की तर्ज़ पर कांग्रेस, गांधी, नेहरू, धर्मनिरपेक्षतावादियों,गांधी-नेहरू विचारधारा के समर्थकों को किसी भी निचले स्तर तक जाकर कोसते रहते हैं। उनपर चारित्रिक हमले तक करते हैं। ये लोग कभी नेहरू को मुसलमान तो कभी फ़िरोज़ गांधी को मुसलमान बताने में अपने 'झूठ तंत्र' की सारी ऊर्जा खपा डालते हैं। और कुछ नहीं तो पिछले दिनों बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद देते हुये देश की संसद में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने यह तक पूछ लिया कि -'नेहरू अगर महान हैं तो 'नेहरू' सरनेम लगाने में क्या शर्मिन्दिगी है? आश्चर्य है कि देश के प्रधानमंत्री केवल 'चुटकी 'लेने के लिये देश की संसद में इस तरह का वक्तव्य देकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा को तार तार करते हैं। जबकि वे ही नहीं पूरा देश भली भांति जानता है कि भारतीय समाज में पिता का नाम सर नेम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है जो नेहरू परिवार के लोग फ़िरोज़ गांधी की वजह से करते आ रहे हैं। ऐसे में नेहरू सर नेम इस्तेमाल करने की गुंजाईश ही कहाँ रह जाती है। परन्तु यह भी कांग्रेस पर आक्रमण की उनकी अपनी निराली शैली है।



बहरहाल कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस सत्ता में भी है और कई राज्यों में सत्ता की भागीदार भी। परन्तु दक्षिणपंथी भी सत्ता शक्ति का पूरा फ़ायदा उठाते हुये कांग्रेस पार्टी व इसके बड़े नेताओं को डराने धमकाने व नीचा दिखाने में लगे हैं। याद कीजिये गत वर्ष यानी अगस्त 2022 में प्रवर्तन निदेशालय यानी ई डी द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को ई डी के दफ़्तर में बार बार बुलाकर उन से पूछताछ की गयी थी। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय यानी ई डी के अधिकारियों ने राहुल गांधी से 5 दिन में क़रीब 54 घंटे और सोनिया गांधी से 3 दिन में 11 घंटों से भी अधिक समय तक पूछताछ की थी। उस दौरान भी कांग्रेस ने इस पूछताछ को ग़ैर ज़रूरी,उनके नेताओं को अपमानित करने वाला तथा राजनीतिक बदला बताया था। इसी तरह गत दिनों छत्तीसगढ़ में कोयला लेवी घोटाले में कार्रवाई के नाम पर प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस पार्टी के राज्य के छः नेताओं के ठिकानों पर छापे मारी की। इन में कई विधायक व संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में छापेमारी की कार्रवाई 24 फ़रवरी को रायपुर में शुरू हुये कांग्रेस अधिवेशन से ठीक चार दिन पूर्व की गयी थी। इस पर भी कांग्रेस ने कहा था कि सरकार द्वारा ये कार्रवाई कांग्रेस अधिवेशन को प्रभावित करने के लिए करायी गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो साफ़ तौर पर यह इल्ज़ाम भी लगाया था कि- 'गत 9 वर्षों में ई डी ने जितनी भी छापेमारी की है उसमें 95त्न केवल विपक्षी नेता ही निशाने पर रहे हैं और इनमें भी सबसे ज़्यादा कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध की गयी है। उस समय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो यह भी कहा था कि अडाणी की सच्चाई से पर्दा हटने के बाद और भारत जोड़ो यात्रा की सफ्लता से हताश होकर भाजपा लोगों का ध्यान भटकाने के लिये ऐसी कोशिशें कर रही है।

कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं के मनोबल तोड़ने का यह घिनौना खेल उस समय भी खेला गया जबकि कांग्रेस के कई बड़े नेताओं व प्रवक्ताओं को दिल्ली से रायपुर जाने वाले एक विमान को दिल्ली विमानतल पर रोका गया और कांग्रेस के तेज़ तर्रार प्रवक्ता पावनखेड़ा को विमान से उतार कर असम पुलिस द्वारा गिरफ़्तार कर लिया गया। जिन्हें बाद में सर्वोच्च न्यायलय के निर्देश पर अंतरिम ज़मानत पर रिहा कर दिया गया। भाजपा, विपक्ष विशेषकर कांग्रेस नेताओं को केवल सत्ता का दुरूपयोग कर ही भयभीत नहीं करती बल्कि समय समय पर कांग्रेस के समक्ष 'बेचारगी ' और भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकती। यानी स्वयं को कभी 'बाहुबली' साबित करना तो कभी पीड़ित असहाय व बेचारा बताना, सभी 'शस्त्रों' का इस्तेमाल भाजपा करती रहती है। उदाहरण स्वरूप पिछले दिनों मेघालय की राजधानी शिलांग में एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर कुछ इस अंदाज़ में निशाना साधा कि -''मैं देख रहा था कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है. जिन्हें देश अब स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और वो कह रहे हैं- मोदी तेरी क़ब्र खुदेगी.''।

ऐसे में सवाल यह है कि दक्षिणपंथी विचारधारा के लोग कांग्रेस पार्टी से ही इतनी नफ़रत आख़िर क्यों करते हैं? जिस पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन की अगुवाई की हो ऐसी पार्टी से देश को मुक्त करने तक की बात क्यों की जाती है ? दरअसल दक्षिणपंथियों को सबसे बड़ी तकलीफ़ कांग्रेस पार्टी से यही है कि वह न केवल महात्मा गांधी की सर्वधर्म समभाव नीति का परचम बुलंद करने वाली पार्टी है बल्कि दक्षिणपंथी साम्प्रदायिक विचारधारा का खुल कर मुक़ाबला करने व उसे आईना दिखने वाली भी इकलौती राष्ट्रीय पार्टी है। दूसरी तरफ़ यह बताने की ज़रुरत नहीं कि दक्षिणपंथी दलों में कितने नेता गांधी के हत्यारे और देश के पहले आतंकी नाथू राम गोडसे के समर्थक हैं जो प्रायः समय समय पर गांधी को अपमानित व गोडसे का महिमामंडन करते रहते हैं। दक्षिणपंथी यह भी भली भांति जानते हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीयता का मूल स्वभाव है इसलिये उसमें ज़हर घोलते रहना ही इनकी राजनैतिक सफ्लता का पैमाना है। चूँकि कांग्रेस का वजूद ही दक्षिणपंथियों को अपने व अपनी विचारधारा के लिये ख़तरा नज़र आता है इसलिये इन्हें कांग्रेस से नफ़रत है और तभी यह 'कांग्रेस मुक्त भारत' के सपने भी लेते रहते हैं।

# मुफ्त की बजाय गरीबों का आर्थिक स्वावलम्बन जरूरी

**चिंतन**

**ललित गर्ग**



आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय।

भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती हुई खाई का सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है। लेकिन मोदी सरकार बिना शोर-शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है।

नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत के लिये संघ प्रयासरत है। संघ के प्रयासों से भी गरीबी दूर करने के लिये सकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है।भारत के गरीब बढ़ती महंगाई के कारण अधिक परेशानी झेलते हैं। भारत में मुद्रास्फीति दर पिछले दस महीनों से केंद्रीय रिजर्व बैंक के ऊपरी सहनशीलता स्तर (6 प्रतिशत) से अधिक रही है। वैश्विक बाजारों में राजनीतिक एवं कोरोना महामारी से आई उथल-पुथल और उससे आपूर्ति शृंखला में आए व्यवधान इसका प्रमुख कारण हैं। बढ़ती महंगाई से मध्यमवर्गीय परिवारों की पूंजी में गिरावट आई है, जिससे यह वर्ग गरीबी के चपेट में आया है तथा गरीब वर्ग और गरीब हुआ है। बढ़ती बेरोजगारी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। वैश्विक महामारी के बाद सबसे अधिक बेरोजगारी असंगठित क्षेत्र में फैली है, क्योंकि इस क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रहते हैं और उन पर श्रम कानून लागू नहीं होते। इस श्रेणी में, प्रधानतः छोटे व लघु उद्योग आते हैं। जाहिर है कि इन परिस्थितियों में महंगाई एवं बेरोजगारी के समाधान गरीबी उन्मूलन में मील का पत्थर हो सकते हैं।

महंगाई का समाधान एक ज्वलंत मुद्दा है, मौद्रिक मोर्चे पर केंद्रीय रिजर्व बैंक के प्रयासों के अतिरिक्त केंद्र व राज्य सरकारों से और अधिक प्रयास अपेक्षित हैं जैसे उत्पादन शुल्क, वैट आदि करों में कटौती, आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर रोक, आयात में सीमा शुल्क कटौती द्वारा सरलीकरण, बड़े औद्योगिक एवं व्यापारिक घराने की बजाय निचले स्तर पर व्यापार एवं उद्यम को प्रोत्साहन इत्यादि। इससे गरीब की जमा-पूंजी व आय सुरक्षित होगी और उसके गरीबी रेखा से बाहर आने का रास्ता तैयार होगा। जापान एवं चीन जैसे देशों की तरह भारत के हर नागरिक को उत्पाद एवं उद्यम से जोड़ना होगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाओं का लाभ अधिकाधिक युवाओं एवं गरीब तबके तक पहुंचे। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए सघन प्रौद्योगिकीकरण को अपनाया जाए तथा खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, कुटीर उद्योग, ग्रामीण गैर-कृषि रोजगार, कृषि अनुसंधान आदि में निवेश को बढ़ावा मिले। एक और प्रभावी कदम उठाये जाने की भी अपेक्षा है, और वह है श्रम कानूनों में उदारीकरण द्वारा बड़े व श्रम प्रधान उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए। यह उत्साहवर्धक है कि हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से महत्त्वाकांक्षी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लाई गई है। मनरेगा की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर की शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करना भी लाभदायक हो सकता है। निजी क्षेत्र द्वारा निवेश एवं रोजगार को प्रोत्साहित करना भी सकारात्मक परिणाम देगा। इन कदमों से गरीबी की रेखा से लोगों को ऊपर उठाने में मदद मिलेगी एवं आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

कल्याणकारी योजनाओं व आर्थिक संबल के अलावा भी देश को स्वावलम्बी बनाने, महंगाई व बेरोजगारी की चुनौतियों के दक्षतापूर्ण एवं कुशल प्रबंधन की जरूरत है। आज जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, जरूरी है कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के वंचित और शोषित वर्ग तक सुलभ हो। दिल्ली में सत्ता के गलियारों में अधिकारियों के बीच जारी सुगबुगाहटों की मानें तो दिसम्बर 2023 तक जारी होने वाली रिपोर्ट में गरीबी के आंकड़ों में गिरावट से दुनिया हैरान हो जाएगी और यह अमृत काल की अमृत उपलब्धि होगी।

# नीतीश के मन में क्या है

**अवधेश कुमार**

पिछले कुछ महीनों में शायद ही ऐसा कोई सप्ताह होगा जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को आगामी लोक सभा चुनाव में पराजित करने संबंधी वक्तव्य न दिया हो।

बिहार ही नहीं देश भर में रहने वाले बिहार के निवासियों से आप बात करिए तो वे यही कहेंगे कि नीतीश को राजनीति करनी है करें लेकिन बिहार की जनता ने उनको भाजपा के साथ मुख्यमंत्री बनाया उसकी जिम्मेवारी का पालन जरूर करें।

तो क्या लोगों की प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि नीतीश की प्राथमिकता में शासन-प्रशासन से ज्यादा भाजपा विरोधी राजनीति है? ऐसा है तो इसके परिणाम क्या आ रहे हैं? बिहार काफी समय से कानून व्यवस्था के मोर्चे पर कमजोर होते जाने के साथ शिक्षा व्यवस्था के पतन, विकास के कार्यों की मंद गति आदि से बुरी तरह ग्रस्त है। किसी सरकार का मुख्य फोकस होना चाहिए कि कैसे बिहार में कानून व्यवस्था पटरी पर आए, अर्थव्यवस्था संभले, शिक्षा तंत्र अपनी स्वाभाविक भूमिका में लौटे। आप प्रदेश का कोई भी समाचारपत्र उठा लीजिए, वेबसाइट देख लीजिए सरेआम गोली चलने, मारपीट, हत्या आदि की खबरें आपको विचलित करेंगी। स्वयं शिक्षक और शिक्षा तंत्र में शीर्ष पर बैठे लोग आप को अपनी ही व्यवस्था से शिकायत करते मिल जाएंगे। परीक्षाएं नकल और कदाचार की पर्याय हैं। विविद्यालयों की दशा कोई भी जाकर देख सकता है। विज्ञान के किसी शिक्षक से बात करिए और वो ईमानदार हैं तो बताएंगे कि पहले कम से कम प्रैक्टिकल में उनके पास कुछ लोग पैरवी करने आ जाते थे ताकि परीक्षार्थी को अच्छे अंक मिल सकें।

अब उसके लिए भी नहीं आते क्योंकि हमें सबको पास कर देना है। लोग अपने बच्चों को निजी संस्थानों या कोचिंग में पढ़ाने के लिए विवश हैं। यही स्थिति कानून-व्यवस्था के मामले में भी है। भय पूरे माहौल में है कि कहीं 90 के दशक वाली स्थिति पैदा न हो जाए। आप वहां निर्माण का काम करने वाले या छोटे-मोटे व्यापार करने वालों के बीच सर्वे कर लीजिए। आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो बताएंगे कि उन्हें काम करने के लिए दादागिरी टैक्स देना पड़ रहा है। धमकी-मारपीट से लेकर कई तरह से परेशानियां सामने आती हैं। ज्यादातर लोग पुलिस में शिकायत करने से बचते हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार, अनदेखी और स्थानीय-प्रादेशिक राजनीतिक संरक्षण के कारण शराब और मादक द्रव्यों का भयानक तंत्र पूरे प्रदेश में विकसित है। इन अस्वीकार्य परिस्थितियों के रहते कोई कैसे मान ले कि वर्तमान सरकार की प्राथमिकता में राज्य का विकास और सुशासन है? क्या कोई बता सकता है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने इस उद्देश्य के लिए कोई बड़ी नियोजित बैठक की है कि बिहार को हमें सामाजिक-आर्थिक विकास में अन्य राज्यों से आगे ले जाना है? नीतीश और तेजस्वी पड़ोस के उत्तर प्रदेश को देखें। योगी आदित्यनाथ के भगवा को लेकर राजनीतिक टिप्पणी आप करिए, लेकिन देखें कि आर्थिक-सामाजिक-विकास, सांस्कृतिक संरक्षण तथा कानून-व्यवस्था के मोच्रे पर उत्तर प्रदेश किस तरह देश के शीर्ष राज्यों की कतार में खड़ा हो गया है? अभी लखनऊ में 2 दिनों के निवेशक सम्मेलन का वह दृश्य उत्तर प्रदेश में पहले दुर्लभ था।

हम नहीं कहते कि जितने एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, सारे धरती पर उतर ही जाएंगे लेकिन देश और बाहर के पूंजी निवेशक, कारोबारी, उद्योगपति उप्र में पूंजी लगाने तथा काम करने की घोषणा करते हैं, तो यह 2017 के पहले की स्थिति को देखते हुए सामान्य तस्वीर नहीं है। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ के मुंबई दौरे में फिल्मी दुनिया से जुड़े लोग भी उनकी बैठकों में शामिल होकर उम्मीद करते हैं कि भविष्य में उप्र फिल्म निर्माण का बड़ा केंद्र होगा। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर तो बहुत कुछ कहने की आवश्यकता नहीं। हालांकि कानपुर और बांदा जैसी घटनाएं निश्चित रूप से परेशान करती हैं किंतु कोई भी कह सकता है कि यह उप्र के लिए सामान्य स्थिति नहीं, बल्कि अपवाद है। उत्तर प्रदेश में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की संख्या में पिछले कुछ वर्षो में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। क्या बिहार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री इससे सीख नहीं ले सकते?

एक नजर

## कांग्रेस के 85 वें महाअधिवेशन में बीजापुर के विधायक समेत पीसीसी सदस्य हुए शामिल




**बीजापुर 27 फरवरी।** बीजापुर के विधायक और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी समेत बीजापुर के सभी ब्लॉकों के छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्य श्री शंकर कुडियम, नीना रावतिया उद्दे, आर. वेणुगोपाल राव, जय कुमार नायर, ज्योति कुमार, श्रीमती सरिता चापा और श्रीमती पार्वती कश्यप के अलावा ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत बीजापुर के उपाध्यक्ष कमलेश कारम, ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, ज़िला पंचायत सदस्य सोमारु राम कश्यप, महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85 वें महाअधिवेशन में भाग लिया है। विदित हो कि कांग्रेस का 85 वाँ महाअधिवेशन 24 फ़रवरी से प्रारंभ होकर 26 फ़रवरी तीन दिनों तक चला जिसमें देश की राजनीतिक, आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर गहन चर्चा हुई है, और कांग्रेस पार्टी में बदलाव के कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गये है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85 वें महाअधिवेशन से कांग्रेस पार्टी में दुगुना जोश आया है।

## गांव-गांव पहुँच सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात



**गीदम 27 फरवरी।** भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया । गीदम मंडल के विभिन्न बूथों में भी भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी समेत अन्य पदाधिकारी बूथ के कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसी तारतम्य में गीदम मंडल के बूथ क्रमांक 47 कासोली में बूथ अध्यक्ष सोनार यादव के नेतृत्व में बूथ प्रभारी एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुदराम भास्कर, गीदम मंडल महामंत्री शैलेश अटामी, बुधुराम कवासी, दिनेश अटामी, मनेश कुमार सहित अन्य बूथ कार्यकर्ता व ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## डॉ. मधुप नियुक्त हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग छः ग चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**अंवरी 27 फरवरी।** जिला चिकित्सालय धमतरी में पदस्थ वरिष्ठ डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. एस. के. मधुप को राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) व आजीवन सदस्य बनाये गए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग छत्तीसगढ़ चिकित्सा प्रकोष्ट के अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ.मधुप को छत्तीसगढ़ चिकित्सक मंडल व जिला चिकित्सालय धमतरी में पदस्थ चिकित्सक डॉ. रचना पदाम्बर,सर्जन उत्कर्ष नंदा,चिकित्सा अधिकारी तेजश शाह,प्रेरणा बघेल,डॉ मेहता,रिंकी बघेल,गरिमा शर्मा,शिशु रोग विशेषज्ञ आशीष अग्रवाल,आर्थोपेडिक सर्जन राकेश सोनी,श्वह्ज्ञ सर्जन डॉ. कौशिक,चिकित्सा स्पेशलिस्ट संजय वानखेड़े,डॉ. महताब आलम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उनके नियुक्ति पर बधाई दी है।



## भागवताचार्य पंडित होमेंद्र प्रसाद दुबे ने ग्राम मुड़पार मे गीता सार कथा सुनाई

**राजनांदगांव 27 फरवरी।** ग्राम मुड़पार में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन दिवस पर कथा वाचक भागवताचार्य पंडित होमेंद्र प्रसाद दुबे ने गीता सार की कथा सुनाते हुए कहा कि 18 अध्याय के गीता का श्रवण करें मन को दिव्य दृष्टि कहा गया है, भीतर के आंख को खोलें। दुनिया के लिए आंख खोलकर चल रहे हैं लेकिन हमारे भीतर के आंख बंद है उसे खोलना है, दिव्य दृष्टि से अब आंख खोलो वही दिव्य दृष्टि है। कथावाचक भागवताचार्य पंडित होमेंद्र प्रसाद दुबे ने गीता सार कथा सुनाते हुए आगे बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता सार सुनाई ।गीता सार यह कथा पूरे संसार के लिए है। प्रेम, मोह, ममता को छोड़ना पड़ेगा, ना कुछ तेरा है ,ना कुछ रहेगा यह संसार का कोई भी चीज तुम्हारा नहीं है। जीवन में अमर कोई नहीं है। उठो और अपनी आंखें खोलो। श्री कृष्ण ने अर्जुन को कहा की संसार में हर व्यक्ति को अपना अपना कर्म सबको करना पड़ेगा। हानि लाभ, जन्म मरण ,सुख-दुख कर्म के लेख भगवान की है।अपने कायरता को छोड़ें, मन से कमजोर व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ सकता। मन को छोटा कभी ना करें ।मन हमारे शक्तियों को प्रबल बना देती है।लगन ,मेहनत, समय तीनों जब मिल जाए तो जीवन में हर चीज में कामयाबी मिल जाती जाती है।

# विकल्प नहीं भरने वाले शिक्षकों ने पेंशन की मांग शासन तक पहुंचाई

### 5 मार्च तक समय बढ़ाना ऐसे शिक्षको की नैतिक जीत है, विकल्प पत्र का प्रारूप भ्रामक,स्पष्टता का अभाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 27 फरवरी।** पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संचालक संजय शर्मा ने कहा है कि एनपीएस/ओपीएस चयन हेतु 24 मार्च अंतिम तिथि था, किन्तु हजारो शिक्षको ने इस तिथि तक विकल्प नही भरा, वही शिक्षक पुरानी पेंशन, पूर्ण पेंशन के असली सिपाही है, शासन, प्रशासन व शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षको पर जबरदस्ती दबाव डालकर भी विकल्प भरवाया है, यह पूर्णतः गलत है, किसी भी शिक्षक के भविष्य से खिलवाड़ का अधिकार किसी भी अधिकारी को नही है, ओपीएस/एनपीएस चयन का अधिकार खुद शिक्षक को है। दरअसल शिक्षको की नियुक्ति 1998 से निरन्तर हुई है, 1 अप्रैल 2012 से नई पेंशन की कटौती शुरू की गई है, 1 जुलाई 2018 से संविलियन किया गया है, 1 अप्रैल 2022 से नई पेंशन की कटौती बंद है और पुरानी पेंशन हेतु जीपीएफ की कटौती प्रारम्भ की गई है, इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नही है, जो अपरिवर्तनीय विकल्प पत्र का नमूना वित्त विभाग ने जारी किया है, वही भ्रामक है, शासकीय सेवक के लिए जारी किया गया है, जिसमे एल बी संवर्ग के शिक्षक को संविलियन तिथि से शासकीय सेवक माना जा रहा है, जबकि नई पेंशन योजना में उनका पैसा 2012 से जमा है और इसी राशि को रिटायर होने पर शासन को जमा करने विकल्प पत्र में लिखा है, जो पूर्णतः गलत है।

पूरे एनपीएस कर्मचारियों में आधे एल बी संवर्ग के शिक्षक है, जिनकी नई पेंशन कटौती व शासकीयकरण की स्थिति भिन्न है, जिसे वित्त विभाग को स्पष्ट करते हुए ही नमूना पत्र जारी करना था। शासन द्वारा पुरानी पेंशन हेतु अब विकल्प पत्र लिया जा रहा है जबकि 2022 से ही पुरानी पेंशन हेतु कटौती किया जा रहा है, मुख्यमंत्री जी के घोषणा के क्रियान्वयन में नई पेंशन 10 माह पहले बंद किया गया है और 10 माह पहले जीपीएफ कटौती किया जा रहा है, तो अब विकल्प क्यो लिया जा रहा है,? अच्छा होता कि पहले ही विकल्प पत्र लेते फिर विकल्प अनुसार कटौती किया जाता, वित्त विभाग ने शिक्षको के पेंशन मामले में हड़बड़ी कर शिक्षको को गुमराह भी किया है, और 3 माह का समय देते हुए शिक्षको की भिन्न स्थिति पर उनके विकल्प चयन के लिए पृथक कार्यशाला का आयोजन किया जाता, जो कार्यशाला हुए उसमे पेंशन संधारण को समझाया गया, कर्मचारी व शिक्षको पर प्रशिक्षक निरुत्तर रहे है। पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संचालक संजय शर्मा ने कहा है कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन व पूर्ण पेंशन लागू करने हेतु शिक्षको की बात 10 फरवरी को अधिकारियों से मिलकर, ज्ञापन देकर, जिले में 14 फरवरी को कलेक्टर के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर व 20 फरवरी को सभी जिला में धरना, रैली, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व अधिकारियों के लिए मांगपत्र दिया गया है। अब 24 फरवरी तक हजारो शिक्षको ने विकल्प पत्र न देकर भी अपनी भावना व मांग को सरकार व शासन तक पहुंचाया है, ऐसे हजारो शिक्षको का वेतन नही रोका गया बल्कि विकल्प न भरने के कारण सरकार व शासन तक बात पहुंचने पर वित्त विभाग को विकल्प पत्र भरने का समय बढ़ाना पड़ा, विकल्प पत्र न भरना बात पहुंचाने का एक बड़ा माध्यम बना, यही तो मोर्चा की सोच थी, और यही शिक्षक पुरानी व पूर्ण पेंशन हेतु लड़ाके सिपाही है, जो डरे नही बल्कि डटे रहें है। और ऐसे संघर्षशील शिक्षको ने ही शिक्षाकर्मी के रूप में संघर्ष कर शून्य से शिखर तक का सफर तय कर संविलियन से पेंशन तक कि उपलब्धि शिक्षको के साथ स्वयं के लिए प्राप्त किया है, अब जो 5 मार्च तक का समय बढ़ाया गया है वह इन्ही साथियो के लिए है।पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संचालकगण संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, केदार जैन, विकास राजपूत द्वारा पुरानी व पूर्ण पेंशन की बात शासन तक पहुँचाया गया है, फिर पहुंचाया जाएगा, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी व पूर्ण पेंशन का संघर्ष निरन्तर जारी रहेगा। पेंशन के लिए विकल्प भरने का समय बढ़ाना शिक्षक मोर्चा संगठन की नैतिक जीत है, जो विकल्प नहीं भरे हैं उनका अहित नहीं हुआ, वेतन कटौती का आदेश 1 घंटे में निरस्त किया गया, संगठन के मंसा के अनुरूप विकल्प नहीं भरे होते तो भी उनका कुछ नहीं होता, परंतु शिक्षको की जल्दबाजी ने हमारी मांगों को कुछ कमजोर जरुर किया है, कर्मचारियों के उतावलेपन से निकट में रिटायर होने वाले हमारे कई साथियों को पेंशन योजना से वंचित हो सकते है, पुरानी पेंशन का संघर्ष मिलकर लड़ने से सफल होगा।

# तेंदूपत्ता ट्रांसपोर्टिंग राशि एक वर्ष से अटकी

■ कर्ज में लिया वाहन अब हुए कर्जदार - गागड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 27 फरवरी।** बस्तर का हरा सोना यानी तेंदूपत्ता से बाहरी ठेकेदार मालामाल होते हैं लेकिन एक ओर स्थानीय वाहन मालिक एक वर्ष से ट्रांसपोर्टिंग की लाखों रुपये के लिए भटक रहे हैं,पूरी राशि विभाग और ठेकेदार मिली भगत कर डकार लिए उक्त वक्तव्य पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने स्थानीय वाहन मालिकों की पत्ता ट्रांसपोर्टिंग राशि एक वर्ष से नही मिलने को लेकर ठेकेदार और वन विभाग पर मिलीभगत कर पैसे खाने का आरोप लगाया है। प्रेस को जारी वक्तव्य में गागड़ा ने कहा है बस्तर के हरा सोना से बाहरी ठेकेदार मालामाल हो जाते हैं परंतु यहाँ के स्थानीय वाहन मालिक एक वर्ष से अपनी मेहनत की ट्रांसपोर्टिंग राशि के लिए भटक रहे हैं। खाली चेक थमा कर ठेकेदार निकल गया दर्जनों वाहन मालिक अब बैंक और विभाग के चक्कर काट रहे हैं लाखों रुपये एक वर्ष से नही मिला है,अब दूसरा सिजन पहुंचने ही वाला है वहीं इस विषय पर गागड़ा ने विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत में पैसे खाने का आरोप लगाया है। वहीं प्रेसविज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व मंत्री ने आगे बताया है कि भैरमगढ़ ब्लॉक के दर्जनों वाहन मालिक हैं जिनका पत्ता ट्रांसपोर्टिंग का राशि 2 लाख 3 लाख रुपया है जिन्हें एक साल से नही मिला है वन विभाग का चक्कर काटकर परेशान हैं बैंक जाने पर दिए हुए चेक में बैलेंस नही है जबकि वाहन मालिक सभी ग्रामीण हैं किसी तरीके से कर्ज लेकर वाहन लिए हैं अब वे कर्जदार बन गए हैं। महेश गागड़ा ने वन विभाग से कहा कि विषय पर संज्ञान लेते हुए जल्द ही वाहन मालिकों का राशि दिलाएं, कर्ज से परेशान हैं इनके हक का राशि अविलंब मिले।

## महंत ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल जयंती पर स्मरण करते हुए दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्यामाचरण शुक्ल जी की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी है। विस् अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि, पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी कांग्रेस के वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता रहे हैं वे एक अनुभवी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता थे और तीन बार अविभाजित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी छत्तीसगढ़ की माटी के सच्चे सपूत थे। सरल-सहज व्यक्तित्व के धनी पंडित शुक्ल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में एक सजग और कर्मठ राजनेता के रूप में छत्तीसगढ़ सहित समूचे मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है।

## माओवादी विरोधी अभियान के दौरान विस्फोटक सहित संदिग्ध गिरफ्तार

**बीजापुर 27 फरवरी।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 24-02-2023 को डीआरजी और गंगालूर की संयुक्त टीम मेटापाल , गोंगला की ओर निकली थी । अभियान के दौरान मेटापाल के जंगलों से एक संदिग्ध को पकड़ा गया जिसके पास रखे थैला की चेकिंग करने पर 01 नग टिफिन बम मय डेटोनेटर, जिलेटीन राड, कार्डेक्स वायर एवं इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया । संदिग्ध का नाम एवं पता पूछे जाने पर अपना नाम - मनकू पूनेम पिता बोडडा उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया साकिन मेटापाल एर्रापारा थाना गंगालूर बताया । प्रकरण में थाना गंगालूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पकड़ा गया संदिग्ध दिनांक 17-01-2023 को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत इदेनार के जंगालों में पुलिस पार्टी पर बम विस्फोट करने एवं फायरिंग करने की घटना में शामिल था । सर्चिंग के दौरान मेटापाल से माओवादी घटना में फरार आरोपी सुदरू पूनेम पिता टोकड़ा ऊर्फ टोका पुनेम उम्र 30 वर्ष निवासी पुसनार थाना गंगालूर को पकड़ा गया जो दिनांक 04-9-2020 को पुसनार के ग्रामीण पुनेम सन्नू का अपहरण कर हत्या करने की घटना एवं दिनांक 04-08-2021 को पुसनार के ग्रामीण के घर में लूटपाट की घटना में शामिल था । उक्त के विरूद्ध थाना गंगालूर में 02 स्थाई वारंट भी लंबित पाया गया। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया ।



## जवानों की शहादत के बीच गांधी परिवार के लिए सड़क पर गुलाब बिछाना शर्मनाक:रामू नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 27 फरवरी।** जब प्रदेश में लगातार अपराध ,भ्रष्टाचार और नक्सलवाद बढ़ रहा और प्रदेश का मुखिया गांधी परिवार की तीमारदारी में व्यस्त है । यहां आए दिन जवानों की शहादत हो रही है पर मुख्यमंत्री को शर्म नहीं आती वो गांधी परिवार को शहीद जवानों से ज्यादा पूजनीय मानते हैं इसलिए तो शहीद जवानों की जगह ,वो प्रियंका गांधी के लिए सड़कों में 6 हजार किलो गुलाब बिछा देते हैं । उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य एवम बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने तंज कसते हुए कहा है। रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा ,उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की तरह कम और गांधी परिवार के मैनेजर की तरह ज्यादा नजर आते हैं । छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब प्रदेश में नक्सली छत्तीसगढ़ के बेटों की हत्या कर रहे होते हैं तो वह गांधी परिवार की गुलामी करते हुए बेशर्मी से सड़कों में गुलाब सजा रहे होते हैं। रामू नेताम ने कहा कि सत्ता के इन 4 वर्षों में मुख्यमंत्री बघेल केवल गांधी परिवार के इशारों पर छत्तीसगढ़ का पैसा दूसरे राज्यों के चुनाव में झोंकते रहे । जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि शनिवार को जब सुकमा और कांकेर जिले में नक्सली हमले में शहीद हमारे पुलिस जवानों की के खून से लथपथ शव लाए जा रहे थे तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेशर्मी से प्रियंका गांधी की आवभगत ने मस्त थे ,एक प्रदेश के मुखिया का इस तरह का व्यवहार न केवल निंदनीय अपितु प्रदेश पर कलंक है । रामू नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कभी भी अपने दायित्व का निर्वहन नहीं किया वो मुख्यमंत्री बने रहने के लिए गांधी परिवार के गुलामी को ही सर्वोपरि माना ।आज जब प्रदेश में नक्सलवाद लगातार प्रदेश पर हावी हो रहा तब भी वो जनता और सुरक्षाबलों का मनोबल बढ़ाने की जगह कार में लटक कर प्रियंका गांधी को कांग्रेसियों की पुष्प वर्षा से बचा रहे थे । रामू नेताम ने कहा कि प्रदेश की जनता सब देख रही है और कांग्रेस के असंवेदनशील व्यवहार का जवाब आने वाले समय पर अवश्य देगी । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का व्यवहार छत्तीसगढ़ प्रदेश को अपमानित करने वाला है इसलिए उन्हें पद में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है ।



# सेटेलाइट लांच व्हीकल मिशन में दंतेवाड़ा के छात्रों ने बनाया कीर्तिमान

### देश का पहला हाइब्रिड रॉकेट एपीजेएकेएसएलवीएम लाइव लॉन्चिंग में दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ से 11 सहभागी हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम 27 फरवरी।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च मिशन 2023 के तहत 150 पीको उपग्रहों एक साथ भारत का पहला हाइब्रिड रॉकेट प्रक्षेपण तमिलनाडु राज्य के चेन्नई के पास स्थित चेंगलपेट जिले के ग्राम पट्टीपुलम में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन के द्वारा तकनीकी सहयोगी स्पेस जोन इंडिया एवं प्रायोजक मार्टिन ग्रुप के सहयोग से 18 फरवरी को सैटेलाइट व रॉकेट्री इंटीग्रेशन पर कार्यशाला एवं 19 फरवरी को रॉकेट लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तेलंगाना के राज्यपाल तथा पुडुचेरी के उपराज्यपाल डॉ तमिलसाई सौन्दराराजन ने रॉकेट लॉन्च में शामिल हुए विद्यार्थी एवं शिक्षकों को प्रेरणा देते हुए कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को विश्वगुरु बनाने में युवा वैज्ञानिको का अहम भूमिका रहेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के भतीके डॉ एपीजेएमजे शेख दाऊद एवं डॉ एपीजेएमजे शेख सलीम, डॉ एपीजेएमजे नज़ेमा मरैकयार कलाम, स्पेस जोन इंडिया सीईओ तथा मिशन डायरेक्टर डॉ आनंद मेगालिंगम, मार्टिन ग्रुप संस्था के डॉ लीमा रोज मार्टिन एवं एमडी डॉ जोस चार्ल्स मार्टिन, इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक एनर्जी कलपक्कम के डायरेक्टर डॉ बी वेंकटरमन, इसरो के पूर्व निदेशक व लघु उपग्रहों के प्रमुख पद्मश्री डॉ मुलस्वामी अन्नादुराई, इसरो के वैज्ञानिक गोकुल देवेंद्रन, प्रमुख वैज्ञानिक डॉ सुल्तान अहमद इस्माइल, आईजेन डायरेक्टर डॉ एल रमेश ने शामिल हुए। उन्होंने बताया कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का विजन पूरा करने में सबकी सहभागिता आवश्यक है। लाइव रॉकेट लॉन्चिंग कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से दंतेवाड़ा जिले के आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा गीदम के व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ के साथ छात्र अमित नाग, राहुल मरकाम, प्रिंस सोरी, पप्पू भारद्वाज, सहदेव वट्टी, सविनलाल मरकाम एवं सेजेस हिन्दी माध्यम दंतेवाड़ा के व्याख्यता टी विजयलक्ष्मी के साथ नीरज मरकाम, देबांश मंडल एवं नेहा ठाकुर सम्मिलित हुए।

विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित, अंतरिक्ष विज्ञान में प्रशिक्षित कर उन्हें कैरियर बनाने एवं रोजगार प्रदान करना इस परियोजना का उद्देश्य है। इससे पूर्व बच्चों को स्पेस साइंस से संबंधित दस दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण टेक्निकल एक्सपर्ट मोहित चौधरी द्वारा दिया गया। दंतेवाड़ा के जावंगा एजुकेशन सिटी स्थित ऑडिटोरियम में कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें मिलिंद चौधरी जनरल सेक्रेटरी एकेआईएफ, मनीषा ताई चौधरी एवं आदित्य चौधरी ने मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। बच्चो की इस उपलब्धि पर कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल शोरी, दंतेवाड़ा बीईओ डीएस ध्रुव, गीदम बीईओ शेख रफिक, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडे, सेजेज हिंदी दंतेवाड़ा प्राचार्य एलबी यादव, बीबी चक्रवर्ती एवं सर्व संकुल समन्वयक, रविप्रकाश ठाकुर विद्यालयों के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

समाचार संक्षेप

## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में फड़ मुंशीयो व किसानों को दी गई जानकारी

**कांकेर 27 फरवरी।** तेंदूपत्ता शाखा कर्तन को लेकर वन परिक्षेत्र चारामा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया !वनोपज सहकारी संघ मर्यादित चारामा के अंतर्गत ग्राम जेपरा,पलेवा,पुरी प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक फड़मुंशीयो,फड़ अभिरक्षक ने हिस्सा लिया! तेंदूपत्ता शाख कर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि नवली मीना मंडावी ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया! नवली मीना मंडावी ने उद्बोधन में कहा कि तेंदूपत्ता ग्रामीण अंचलों के लिए एक अच्छा आय का स्त्रोत है अच्छे गुणवत्ता तेंदूपत्ता के लिए अच्छे से शाख कर्तन होना भी आवश्यक है इसलिए सभी गांव में जाकर अच्छे से शाखकर्तन के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए ताकि गुणवत्ता युक्त उच्च क्वालिटी के तेंदूपत्ता की पैदावार अंचल में हो सके! जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मंडावी ने आगे कहा की वन संपदा राष्ट्र की धरोहर है इसे अवैध कटाई व आगजनी से बचाने के लिए आम इंसान को भी जागरूक होकर प्रयास करते रहना चाहिए! इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी टी.आर. सिन्हा, डिप्टी रेंजर विजय सिन्हा, पोषक अधिकारी युगल किशोर सोनबोईर, अजय नागवंशी, मनीष नेताम, तरुण देवदास व समिति अध्यक्ष चारमा, पुरी, पलेवा, जेपरा व अधीनस्थ फड़मुंशी, फड़ अभिरक्षक उपस्थित थे!




## भोजपुरी दबंग को मिला एमजी लायन न्यूज़ का साथ तो खुश हो गई रानी चटर्जी, आम्रपाली दुबे और निरहुआ

**रायपुर 27 फरवरी।** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग का पारा इन दिनों चढ़ा हुआ है जिसके तहत आज का मैच भोजपुरी दबंग और चेन्नई राइनोज के बीच खेला गया। इस मुकाबले में भोजपुरी दबंग ने चेन्नई को शानदार ढंग से मात दी। जयपुर में हो रहे इस मुकाबले से पहले मनोज तिवारी की कप्तानी में खेल रही सीसीएल की टीम भोजपुरी दबंग का एसोसिएशन एक ऐसी कंपनी के साथ हुआ है, जिसके बाद से भोजपुरी दबंग की टीम और टीम को चीयर्स कर रही अभिनेत्रियां भी गदगद है। एशिया का सबसे बड़ा गेमिंग प्लेटफॉर्म एमजी लायन एक बढ़ता हुआ ऑनलाइन गेमिंग ऐप है, जिसने सीसीएल 2023 में भोजपुरी दबंग का स्पॉन्सर राइट हासिल कर लिया है और अब भोजपुरी दबंग के खिलाड़ियों के जर्सी पर एमजी लायन न्यूज़ ऑनलाइन दिखने वाला है। भोजपुरी दबंग को मिले स्पॉन्सरशिप को लेकर टीम के कप्तान मनोज तिवारी ने कहा कि यह पूरी टीम के लिए खुशी की बात है कि हमें एशिया का लार्जेस्ट गेमिंग एप स्पॉन्सर कर रहा है। इसका मतलब यह है कि हमारी टीम को विश्व स्तर पर रिकॉग्नाइज किया जा रहा है। इस उपलब्धि के लिए हम एमजी लायन न्यूज़ को धन्यवाद देते हैं। वही दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी एमजी लायन न्यूज़ के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि भोजपुरी ना सिर्फ पर्दे पर बेहतर कर रही है बल्कि बैटल ग्राउंड में भी हम लोगों ने साबित किया है कि कोई हमें इग्नोर तो नहीं कर सकता। ऐसे में एमजी लायन न्यूज़ का हमारे साथ जुड़ना बड़ी बात है।

## च्यवन कल्याणक महोत्सव में उमड़ा जैन समाज, नाट्य मंचन से बताई गई विधान की महिमा

**रायपुर 27 फरवरी।** श्री धर्मनाथ जिनालय एवं जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी के महामहोत्सव में रविवार को परमात्मा का च य व न क ल्या ण क महोत्सव प्रातः 5.30 बजे से दादाबाड़ी में मनाया गया, इसमें सबसे पहले प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य प्रवर श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर से एवं खरतरगच्छाचार्य श्री जिन पियूष सागर सूरीश्वर जी म सा. की गुरु पूजा की गई एवं आचार्य भगवन्तो ने इंद्रा इंद्राणी एवं परमात्मा के माता पिता का विधान संपन्न करवाया। सोमवार को परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा। रत्नपुरी नगरी में स्टेज प्रोग्राम के तहत गुजरात एवं महाराष्ट्र से आये हुए कोरियोग्राफर के निर्देशन में रायपुर जैन समाज के सदस्यों ने विशाल मंच पर इस कल्याणक का नाट्य मंचन किया। पूरे छत्तीसगढ़ का जैन समाज आज इस महोत्सव में शामिल होने उमड़ पड़ा था। परमात्मा का च्यवन कल्याणक विधान प्रारम्भ होने के साथ परमात्मा च्यवनकर माता सुव्रता की कोख में आए एवं माता ने 14 महा मंगलकारी स्वप्न का दर्शन किया। इन्द्र का सिंहासन कम्पायमान होना, शुभ स्वप्नों का फल बताना आदि नाट्य का मंचन बहुत ही अद्भुत रूप से कलाकारों द्वारा किया गया। इस नाट्य मंचन में परमात्मा के च्यवन का विधान इन्द्राणी द्वारा करवाया गया और वह परमात्मा के च्यवन के पश्चात परमात्मा के शासन के अनुरूप कार्य करने एक धर्म सारथी बन कर अपने इन्द्र राजा को सदैव परमात्मा की भक्ति में लगने हेतु प्रेरित करती है। इसकी महिमा यह बतायी गई है गर्भवती माताओं को इन स्वप्नों के सार श्रवण से सुंदर एवं तेजस्वी रत्नो के रूप में संतान की प्राप्ति होती है।



## एक नजर

### दोनों आंखों के मोतियाबिंद से उपजे अंधत्व से मुक्त हुआ धमतरी जिला

**धमतरी 27 फरवरी ।** राज्य शासन के निर्देश के परिपालन में दोनों आंखों में मोतियाबंद से उपजे अंधत्व के मामले में धमतरी जिले ने शत-प्रतिशत कामयाबी हासिल कर ली है। सर्वेक्षण किए गए सभी चिन्हांकित मरीजों का जिला अस्पताल में सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर लिया गया है। अब वे अपनी आंखों से चीजों को देख पा रहे हैं। इस संबंध में बताया गया कि अप्रैल 2022 से दोनों आंखों से मोतियाबिंद वाले मरीजों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 223 मरीज पाए गए थे, इन सभी का ऑपरेशन किया गया है।इस संबंध में बताया गया कि दोनों आंखों में मोतियाबिंद हो जाने से मरीज को तीन मीटर से अधिक दूरी का ऑब्जेक्ट दिखाई नहीं देता। यह एक तरह का अंधत्व की स्थिति है जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे दृष्टिगत करते हुए राज्य शासन ने दोनों आंखों में मोतियाबिंद से प्रभावित मरीजों को सर्वे कराने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें कम से एक आंख से दिखाई दे और वे सामान्य लोगों की तरह जीवन-यापन कर सके। उक्त निर्देश के परिपालन में गत वर्ष अप्रैल माह से अब तक 223 मरीजों का चिन्हांकन किया गया, जिनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जे.एस. खालसा ने बताया कि मोतियाबिंद उम्र के साथ उपजने वाली बीमारी है जिसके कारण मरीज की आंखों की दृश्यमानता कम हो जाती है और धुंधला दिखाई देने लगता है। उन्होंने बताया कि यह उपचार योग्य होता है, जिसे 10-15 मिनट के ऑपरेशन से ठीक किया जाना संभव है। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. मण्डल के मार्गदर्शन में जिले के गांवों एवं शहरों में सघन सर्वे कराया गया और चिन्हांकित सभी 223 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। दोनों आंखों से मोतियाबिंद के मरीज आज अपनी आंखों की ज्योति पाने में सफल हैं और सामान्य लोगों की तरह जीवन-यापन कर रहे हैं। अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने यह भी बताया कि इसी तारतम्य में जिला अस्पताल में अप्रैल 2022 से अब तक मोतियाबिंद के तीन हजार 350 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। जिला अस्पताल के साथ-साथ निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी अब तक किए गए ऑपरेशन से पिछले एक साल में पांच हजार मरीजों की आंखों का सफलतम ऑपरेशन किया गया है। इस कार्य में अस्पताल अधीक्षक सह सिविल सर्जन डॉ. ए.के. टोंडर सहित सम्पूर्ण स्टाफ का सतत् परिश्रम रहा जिसके परिणामस्वरूप धमतरी जिला दोनों आंखों के मोतियाबिंद से हुए अंधत्व की स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है।

### ठेका कंपनी कर रही एम्स में कर्मियों की छंटनी

**रायपुर,27 फरवरी।** एम्स रायपुर में ठेका श्रमिकों पर तरह-तरह का जुल्म थम नहीं रहा है। पिछले वर्ष तक यह परिपाटी जारी थी कि ठेकेदार कंपनी बदलने के बाद भी ठेका श्रमिकों को नौकरी से पृथक नहीं किया जाता था। वर्षों से चली आ रही इस प्रथा को एम्स प्रशासन एवं नवनियुक्त ठेकेदारों द्वारा बदल दिया गया। विध्य कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा 7-8 वर्षों से कार्यरत आईटीआई उत्तीर्ण 4 इलेक्ट्रिशियन कर्मियों को 10 अक्टूबर 2022 से गैर कानूनी ढंग से नौकरी से पृथक कर दिया गया है। ठेकेदार कंपनी एवं एम्स प्रशासन के असहयोग पूर्ण रवैया के चलते प्रकरण का समाधान आज तक लंबित है। मेसर्स आरजी इंफ्राटेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड कंपनी ने एम्स प्रशासन को सूचित किया कि 13 पुराने लिफ्टमेन को नौकरी में रखने में असमर्थ है। उल्लेखनीय है कि 13 में से 7 दिव्यांग हैं।

### महाबीर गौशाला अध्यक्ष बने सियाराम

**रायपुर, 27 फरवरी।** महाबीर गौशाला कृष्णकुमार मार्ग मौदहापारा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदसयें का निर्वाचन संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु सियाराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललित कुमार जीवनलाल सिंघानिया सचिव सत्यनारायण सिंघानिया कोषाध्यक्ष गोकुलदास डागा एवं सह-सचिव पद हेतु श्रीराम अग्रवाल निर्वाचित किये गये।

पुखराज जी जैन सीए चुनाव अधिकारी द्वारा उक्त पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा आमसभा में की गई।

# वॉलीबॉल समापन में पहुंची बिग बॉस की फाइनलिस्ट रही अर्चना गौतम





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 27 फरवरी।** राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के देर रात समापन के अवसर पर बिग बॉस फेम शुश्री अर्चना गौतम 2022 फाइनल रन अप मुख्य अतिथि के रुप में गरियाबंद पहुंच वॉलीबॉल का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने किया इस अवसर पर क्षेत्र के नगर पालिका परिषद के समस्त पदाधिकारी पार्षद कर्मचारी अधिकारी एवं राइस मिल सघँ के सभी लोग उपस्थित थे तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी स्वागत किया उन्होंने कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया गरियाबंद और वह कर ले बढ़ियाइस अवसर पर कार्यक्रम सुश्री अर्चना गौतम ने उपस्थित जनों से कहा उनके लिए गौरव की बात है कि वे आज गरियाबंद पहुंचकर आप लोगों के बीच उपस्थित हैं आप सभी लोगों ने जो आदर सत्कार व उत्साह पूर्वक मेरा स्वागत किया इसके लिए वे आभारी हैं और उम्मीद करते हैं कि गरियाबंद क्षेत्र इसी तरह तरक्की व विकास करेगा आज यहां वॉलीबॉल मैच का समापन है और मैं उम्मीद करती हूं खिलाड़ी अच्छा खेल का प्रदर्शन कर लोगों का दिल मोह लेंगे भरपूर खेल का आनंद उठाये इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया । साथ ही उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन के साथ पालिका के सभी पार्षद एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ राइस मिल एसोसिएशन का भी आभार व्यक्त किया इस अवसर पर गप्पू मेमन ने कहा कि यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए सौभाग्य का विषय है कि यहां बिग बॉस के 2022 के फाइनलिस्ट रनप उपस्थित हैं उनके इस आगमन पर हम आभार व्यक्त करते हैं तथा गरियाबंद जिला के उपस्थित सभी दर्शकों के प्रति आभारी हैं कि उन्होंने कार्यक्रम का आनंद उठाने उपस्थित हुए।

### पोस्ट कार्ड के माध्यम से सीएम को कहा भैया अब तो याद करो

# आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिकाओ ने विधायक निवास पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 27 फरवरी।** आंगनबाडी कार्यक्रर्ता सहायिकाओ ने आज विधायक रामपुकार सिंह के निवास पहुंचकर सी.एम. के नाम उन्हे ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान सहायिकाओ ने सुबे के मुखिया भूपेश बघेल को पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से भाई का दर्जा देते हुये उन्हे तीज त्यौहारो पर अपनी बहनो को याद करने की बात कही। दरअसल आज यहा के विधायक रामपुकार सिंह के निवास पर दर्जनो आंगनबाडी की कार्यक्रर्ता एवं सहायिकायें ज्ञापन देने पहुंची थी। विधायक की अनुपस्थिती मे घर के अन्य परिजनो ने आंगनबाडी कार्यक्रर्ताओ का ज्ञापन स्वीकार किया। आंगनबाडी कार्यक्रर्ता ज्ञापन मे अपनी नौ सूत्रीय मांगो का जीक्र कर रखी थी,उन्होने सुबे के मुखिया को चुनावी वादे भी याद कराये है। सहायिकाओ ने अपनी नौ सूत्रीय मांगो मे शिक्षको की तरह ही खुद को शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग की है। उन्होने जीवन जीने लायक वेतन के अलावा मिनी आंगनबाडी को पूर्ण आंगनबाडी का दर्जा,सुपरवाईजरो के पद पर सहायिकाओ की भर्ती,मानसिक पेंशन,ग्रेज्युवेटी,समुह बीमा एवं अन्य प्रकार के भत्तो की मांग की है। उन्होने मृत्यु होने के बाद परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति एवं कोविड 19 के दौरान काम करने वाली कार्यक्रर्ता सहायिकाओ को प्रोत्साहन राशि देने की भी मांग की है। इस तरह 9 सूत्रीय मांगो को लेकर आंगनबाडी महिलायें क्षेत्रिय विधायक रामपुकार सिंह के निवास पहुंची थी,इस दौरान ज्ञापन सौंपने मे विधानसभा क्षेत्र की परियोजना अध्यक्षो मे पत्थलगांव से श्रीमति उषा यादव,बागबहार से शोभंति पैंकरा,लुडेग से सुनिता नाग,कांसाबेल से पोलिना सिदार एवं दोकडा से प्रतिमा शर्मा के साथ दर्जनो कार्यक्रर्ता एवं सहायिकायें मौजुद थी,उन्होने विधायक निवास के समक्ष अपनी मांगो को तेज करते हुये नारे भी लगाये थे।

### अभ्यर्थियों के अंतिम चयन के लिए कांउसिलिंग 28 को

**धमतरी 27 फरवरी।** राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (बी) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग धमतरी से मिली जानकारी के मुताबिक अभ्यर्थियों के अंतिम चयन हेतु आगामी 28 फरवरी को कांऊसिलिंग रखी गई है। सुबह 11 बजे से अखिल भारतीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, आजाद हॉस्टल के सामने (पुराना आयुक्त, कार्यालय) पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर में यह कांऊसिलिंग आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, ने सभी अभ्यर्थियों को नियत तिथि, समय तथा स्थान पर मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा है। गौरतलब है कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची और निर्देश का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर किया जा सकता है।

# वृंदावन विद्यालय में पुरस्कार वितरण के साथ विदाई समारोह भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद, 27 फरवरी।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व संकुल समन्वयक बीआरसीसी काडिनेटर जागेश्वर सिंन्हा, संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, प्राचार्य टी वनिता राव, उपप्राचार्य ललिता चंन्द्राकर, पीपी सेक्सन की हेडमास्टर रेखा साहू, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सरस्वती वंदना काजल ठाकुर व छात्रों ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किया। वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री व विजय लक्ष्मी राव द्वारा बच्चों को असफलता से निराश ना होने की सीख दी गई। उपप्राचार्य ललिता चंन्द्राकर द्वारा निरंतर प्रयास कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर माता-पिता व विद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य टी वनिता द्वारा सभी विद्यार्थियों को जीत व हार से सिख लेने की प्रेरणा देते हुए जीवन में सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ने की सीख दी।संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा बच्चों को खेल के क्षेत्र में भी अनुशासन को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन ने सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा तथा निरंतर प्रगति के मार्ग में प्रशस्त रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रागण में उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संकुल समन्वयक व बीआरसीसी के काडिनेटर जागेश्वर सिंन्हा द्वारा बच्चों को मोबाइल से दूर रहने व उसका सद्उपयोग करने, झूठ न बोलने, माता-पिता गुरुजनों के प्रति आदरभाव रखने तथा पढ़ाई को बोझ न समझने की सिख देते हुए विद्यालय के समस्त वरिष्ठजनों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को आपसी समन्वय व सहयोग के साथ काम करने की सिख दी। मुख्य अतिथि व विद्यालय के संचालक, संचालिका, प्राचार्य, उपप्राचार्य व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा उन सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने विभिन्न विद्यालीन गतिविधियों में अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर अपना नाम अंकित कराया।इस मौके पर कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई भी दी गई। इस अवसर पर विविध संस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत व खेल का आयोजन किया गया। कक्षा दसवीं के छात्रो को स्मृति स्वरूप संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन के करकमलों से उपहार भेंट किया गया। छात्रा लक्ष्मी यादव व छात्र हर्षुल ठाकुर को मिस एवं मिस्टर फेयरवेल का किताब दिया गया। कार्यक्रम का संचालन काजल ठाकुर, रितिका साहू, इंदु मिश्रा द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय की शिक्षिका क्रीड़ा प्रभारी रितिका साहू, संचालनकर्ता काजल ठाकुर, संस्कृतिक प्रभारी इन्दु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशाज्योति डोरा को विद्यालय में उत्कृष्ठ कार्य करने व विद्यालय के प्रत्येक कार्य में सहयोग देने के लिए संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, प्राचार्य टी वनिता राव, उपप्राचार्य ललिता चन्द्राकर द्वारा सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन विजय लक्ष्मी राव व उपप्राचार्य ललिता चन्द्राकर ने किया। कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री, जागृति साहू, एम रजनी, निकिता चन्द्राकर, रेखा साहू, शुभ्रा अग्रवाल, आशा ज्योति डोरा, काजल ठाकुर, चंदाना सोनी, अमृता चन्द्राकर, नंदिनी, प्रीति साहू, इन्दु मिश्रा, वर्षा चन्द्राकर, दामिनी वैष्णव, भूमिका वर्मा, साधना राठौर, यास्मीन खान, भावना, रितिका साहू, संध्या सोना, सविता ढीढी, अंशु यादव आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय यूथ-20, जी-20 वार्ता एवं जागरूकता कार्यक्रम में महासमुंद जिले ने दी सहभागिता

**महासमुंद।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार 25 फरवरी 2023 को राज्य स्तरीय यूथ20 जी20 वार्ता/ जागरुकता कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान नवा रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक व अधिकारी सम्मिलित हुए। साथ ही विदेश से फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, सीरिया से विषय विशेषज्ञ व छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में महासमुंद जिले से डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद, स्वयंसेविका मुस्कान बागड़ी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं गीतांजलि मनहरे इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यूथ 20 और जी 20 के माध्यम से उनके विचारों का आदान प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की क्या भूमिका रहनी चाहिए इस थीम पर रहा। कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में विषय विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा यूथ को किस प्रकार से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ा जाए उससे अवगत कराया गया। साथ ही युवाओं के मन में जो प्रश्न रहा उसे विषय विशेषजज्ञों द्वारा उत्तर से युवाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में अनुराग सिंह ठाकुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री भारत शासन मुख्य अतिथि रहे और युवा संवाद युवा मंत्री के साथ विषय पर मंत्री और युवाओं के बीच दोनों के संवाद का आदान प्रदान किया गया। उन्होंने छग राज्य की प्रशंसा करते हुए हरियाली से अच्छादित राज्य कहा। यहां की शांति और रम्यता अद्भुत है। साथ ही युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य ह। उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया कि अमर शहीदों ने देश को आजादी दिला दिया, अब आप युवा देश को नशे से आजादी दिलाएं। सभी सम्मिलित अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पंकज कुमार सिंह रासेयो क्षेत्रीय निदेशक दिल्ली, एएस कबीर रासेयो क्षेत्रीय निदेशक भोपाल मप्र-छग, नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी पदेन उपसचिव उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ. एलएस गजपाल प्रभारी रासेयो कार्यक्रम समन्वयक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहे। छग राज्य के एनएसएस आरडी स्वयंसेवक भी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में महासमुंद जिले की सहभागिता होने पर प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. सरोज चंद्राकर इंडियन कॉलेज ने हर्ष जताया है।ही महाविद्यालय के प्राध्यापक करुणा दुबे, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. ईपी चेलक, सी खलको, मनीराम धीवर, डॉ दुर्गावती भारतीय, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, चुम्मन लाल निषाद, दिलीप कुमार बढ़ाई, दिलीप लहरे, वेद देवांगन सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, गोपी सिन्हा, प्रियांशु तिवारी,



### जनसंपर्क के द्वितीय चरण में गांवों में पहुंचे मोती लाल साहू

**महासमुंद।** द्वितीय चरण के जनसम्पर्क अभियान के तहत भाजपा नेता मोती लाल साहू ने ग्राम - बंदोरा, खि़रसाली, रायमुड़ा पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामों का भ्रमण किया एवं भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों से मुलाकात कर ग्रामवासियों को सम्बोधित किया। इस मौके पर साहू ने कहा कि वनांचल के इन दूरस्थ गांवों में रोड़, बिजली, सिंचाई की सुविधा है, वह डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में हुई है। विगत चार वर्षो से इन गाँवों में कोई विकास नही हुआ है। वर्तमान कांग्रेस सरकार गरीबों की हित की योजना बंद कर दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम विभाग से सम्बंधित योजना जिससे गरीब परिवार को सीधा लाभ होता है भूपेश सरकार ने बंद कर रखी है। आज ग्रामीण बिजली बिल से परेशान है। ग्रामीण बिजली आफिस के चक्कर काट रहे हैं। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इनकी समस्या सुन नहीं रहे हैं। कांग्रेस सरकार से लोग परेशान हो चुके हैं। एक एक गांव में 100 से 150 गरीब परिवार का आवास बनना है। इन गरीबों की समस्या को लेकर भाजपा राज्य स्तर पर आंदोलन कर रही है। इस अवसर पर सरपंच संतोष पटेल, उपसरपंच दीनानाथ ध्रुव, ग्राम प्रमुख उदेराम बरिहा, जगदीश ध्रुव, चंदर सिंग ध्रुव, अगर सिंग दीवान, मनमोहन पटेल, मन्नु पटेल, मनोहर ध्रुव, रमेश ध्रुव, ताराचंद पटेल, भानु पटेल, देव प्रसाद ध्रुव, डॉ साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर स्कूलों व आश्रम-छात्रावासों का किया निरीक्षण



**सुकमा, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरीस. एस ने कोन्टा विकास खंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दुब्बाटोटा, दोरनापाल, पेद्दा कुर्ती, एर्राबोर आदि ग्रामों में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोन्टा एसडीएम श्री बनसिंग नेताम, आदिम जाति विकास आयुक्त श्री गणेश सोरी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री हरीस. एस ने दुब्बाटोटा में बनाये जा रहे स्टेडियम को समय सीमा के अंतर्गत मार्च महीने तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहां उन्होंने प्राथमिक शाला नवीन भवन का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री हरीस. एस ने दुब्बाटोटा स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र केंद्र का निरीक्षण किया और लक्ष्य के अनुरूप मत्स्य बीज उत्पादन करने को कहा ताकि बीज की कमी नहीं हो। उन्होंने यहां जो बोर खराब हो चुके हैं उन्हें शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री हरीस. एस ने दोरनापाल में स्वामी आत्मानंद स्कूल के निरीक्षण के दौरान वहां बन रहे लैब को गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। यहां पोटा केबिन और कन्या आश्रम में चल रहे मरम्मत कार्य को देखा। साथ ही सीसी रोड सहित डब्बा कोन्टा, मिनपा, नागाराम, करिगुणदम आश्रम का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि बच्चों को मीनू चार्ट के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करे।कलेक्टर श्री हरीस. एस ने पेद्दा कुर्ती में बालक आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने पढ़ाई के स्तर, शिक्षकों की अनुपस्थिति, मध्यान्ह भोजन और मीनू चार्ट के अनुसार भोजन नहीं दिए जाने के कारण मंडल संयोजक पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आश्रम अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एर्राबोर में स्वामी आत्मानंद स्कूल, बालक आश्रम आदि का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरम्मत कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने इस दौरान विभिन्न आश्रम-छात्रावासों में शौचालयों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और साफ सफाई व पानी की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

### भाकपा की बैठक में संगठन, समस्याओं पर की चर्चा



**सुकमा, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनाँक 26 फरवरी 2023 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सुकमा के जिला कार्यालय में बस्तर संभागीय समिति का बैठक सम्पन्न हुआ है।जिसमें राज्य सचिव कामरेड मनीष कुंजाम, कोंडागाँव के जिला सचिव कामरेड तिलक पाण्डेय अधिवक्ता,सुकमा के जिला सचिव कामरेड रामा सोड़ी,जगदलपुर से कामरेड मंगल कश्यप, रामूराम मौर्य, दन्तेवाड़ा से चम्मन कुंजाम,सुकमा जिला परिषद के सचिव मंडल सदस्य कामरेड श्रीमती अराधना मरकाम, हान्दाराम सोड़ी,हड़मा मरकाम, करतम देवा,करतम जोगा,यूथ फेडरेशन के प्रदेश महासचिव देवाराम मण्डावी, स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम और पी.भीमा अधिवक्ता सुकमा उपस्थित थे।इस बैठक में पार्टी संगठन, जन समस्याओं व अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया है।

### कोटा मंडल में मन की बात सुनी गई



**सुकमा, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 230 बूथ क्रमांक कोंटा मंडल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात सुनते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुकमा माननीय श्री धनीराम बारसे जी एव भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री पी. विजय जी. वार्ड क्रमांक पांच के पार्षद श्रीमती रामुल्ला जी. नरेंद्र सरकार जी. उत्तम बनिक जी. रामणु जी. एव भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एव कार्यकर्ता मौजूद थे।

### किराया नहीं पटाने पर पालिका ने 8 दुकानों को किया सील



**सुकमा, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका सुकमा की दुकानों का बकाया किराया जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ पालिका अमले ने कड़ी कार्रवाई की है। 8 दुकानदारों के द्वारा किराया नहीं पटाया जा रहा था। जिसके चलते अमले ने बस स्टैंड और एसडीएम कार्यालय के बाजू स्थित इन 8 दुकानों को ताला लगाकर सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं कार्रवाई के दौरान बकायादारों से 12 लाख रुपये से अधिक की राशि वसूली भी की गई।सुकमा नगर पालिका के सीएमओ आशीष कोर्राम ने बताया कि बकाया वसूली के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली को लक्ष्य के मुताबिक पूरा करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है जो आगे भी जारी रहेगी। संपत्ति कर, जलकर सहित अन्य करो की वसूली की जाएगी।इस दौरान अमरसिंग, हेमंत, जयसिंग, जगन्नाथ, चम्पेश्वर, नरेश, जयराम, सहित इंजीनियर, आर आई व अन्य उपस्थित थे।

### रायगढ़ तहसील के वृहद राजस्व शिविर में एक दिन में हुआ 1868 आवेदनों का निराकरण

**रायगढ़, 27 फरवरी।** रायगढ़ में आज तहसील स्तरीय वृहद राजस्व शिविर लगाया गया। जिसमें राजस्व से जुड़े मामलों का बड़े पैमाने पर निराकरण किया गया। शिविर में प्राप्त आवेदनों में 94 प्रतिशत का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में रायगढ़ तहसील के अंतर्गत राजस्व मामलों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 1984 आवेदन प्राप्त हुए।

एक नजर

### मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 40 से ज्यादा घायल, 5 महिलाएं गंभीर

**रायपुर, 27 फरवरी।** खरोरा थाना क्षेत्र में मजदूरो से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 45 लोग घायल हो गये। घायलों में महिलाएं भी शामिल है। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना खरोरा तिल्दा मार्ग के मोहरेंगा मोड़ के पास की है। जानकारी के मुताबिक, आज सुबह पिकअप में भर 45 से ज्यादा मजदूर खरोरा के बाड़ी आ रहे थे। इस दौरान खरोरा तिल्दा मार्ग पर मोहरेंगा मोड़ के पास उनकी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन सवार 45 मजदूर घायल हो गये। इधर घटना की जानकारी मिलते ही खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा हैं कि घायलों में 5 महिलाएं गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें उपचार के लिए रायपुर लाया गया है। खरोरा के सीआईएल बाड़ी में सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर होती है। यहां पर हर दिन बड़ी संख्या में मजदूरों को मालवाहक गांड़ी में भरकर लाया जाता है। आज सुबह भी मजदूर मजदूरी करने के लिए पिकअप में सवार होकर पहुंच रहे थे। इस दौरान ये हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। वहीं सभी घायलों का उपचार जारी है।

### एम्स की महिला कर्मचारी से रेप रिटायर्ड कर्नल के खिलाफ केस दर्ज

**रायपुर, 27 फरवरी।** एम्स की महिला क्लर्क से रिटायर्ड कर्नल के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता क्लर्क की शिकायत के बाद आरोपी कर्नल के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांज पुलिस कर रही है। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, रिटायर्ड कर्नल का नाम राजेश सिंह है और वह रायपुर एम्स में इंजीनियरिंग विभाग में हेड के पद पर पदस्थ है। पीड़िता की थाने में दी शिकायत के मुताबिक वो एम्स के इंजीनियरिंग विभाग में क्लर्क है और उसी विभाग के हेड राजेश सिंह से उसकी बातचीत होती रहती थी। इस दौरान 2022 जून में आरोपी राजेश सिंह ने उसे झांसे में लेकर एम्स रेसीडेंसी के अपने कमरे में ले गया। यहां पर कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस बात की शिकायत उसने एम्स के उच्च अधिकारियों से भी की थी, पर उसकी शिकायत पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। दुखी पीड़िता ने आमानाका थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग जायज : रमन सिंह

**रायपुर, 27 फरवरी ।** पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने गुरूर तहसील के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की धरना स्थल पर जाकर उनके मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि झूठी घोषणा पत्र के सहारे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, जिसके चलते हर वर्ग आक्रोशित हैं। रमन सिंह व सांसद मोहन मंडावी गुरूर ब्लाक के ग्राम दर्रा में आयोजित साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान नगर पंचायत गुरूर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के हड़ताल स्थल पर गए। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने डा. रमन सिंह व सासद मंडावी का स्वागत करते हुए अपने मांगों के संबंध में चर्चा की। डा. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है। लोक लुभावने घोषणा पत्र के सहारे सत्ता में बैठ तो गए हैं, लेकिन घोषणा पत्र को पूरा न कर लोगों के साथ छलावा कर रहे हैं। इसके चलते प्रदेश में हर वर्ग आक्रोशित है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की मांग को जायज बताते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में यदि भाजपा की सरकार बनी तो निश्चित रूप से उनकी इन मांगों पर विचार किया जाएगा। वहीं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित हुए।

### पति-पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, घर में लटकी मिली लाश

**रायपुर 27 फरवरी।** राजधानी रायपुर से लगे सिवनी गांव में पति पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पति-पत्नी के खुदकुशी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुट गई है। यह मामला मुजगहन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, मुजगहन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिवनी गांव में पति पत्नी ने सामूहिक आत्महत्या कर ली है। दोनों का शव घर के अलग-अलग जगहों में लटका हुआ मिला।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस दंपत्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पत्नी मीनाक्षी ने घर के किचन में और पति नंदू नवरंग ने बेडरूम में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। फिलहाल इस खुदकुशी का कारण अज्ञात है।

## बजट सत्र के लिए प्रश्नों की झड़ी

### 6 मार्च को बजट पेश कर सकते हैं मुख्यमंत्री

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 फरवरी।** विधानसभा के बजट सत्र की सभी तैयारियां शुरू हो गई है। एक मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए आज पास और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को लेकर गहमा-गहमी रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो कि वित्त विभाग के भारसाधक मंत्री हैं, 6 मार्च को बजट पेश कर सकते हैं।

विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा में तारांकित व अतारांकित प्रश्न बड़ी संख्या में लगाए गए हैं। सत्र 1 मार्च से सत्र शुरू होगा जो कि 24 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 14 बैठकें होंगी। पहले दिन एक मार्च को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। अभिभाषण में राज्यपाल नई नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में ब्यौरा देंगे। विधानसभा सचिवालय के अनुसार पहले दिन मंत्रणा समिति की बैठक होगी। इसके पश्चात सत्र शुरू होगा। विस सचिवालय ने सभी विभागों का वर्गीकरण कर दिया है जिसके अनुसार यहां पर मंत्रियों को अलग-अलग दिन अलग-अलग विभागों के प्रश्नों का उत्तर देना होगा। आज विस में मीडिया, सुरक्षा एवं अधिकारियों के पास बनवाने के लिए होड़ लगी रही। अधिकारी यहां पर अलग-अलग दिन आते हैं। चूंकि बजट सत्र होने के कारण यहां पर अधिकारियों को विभागवार बजट की समीक्षा में भी शामिल होना पड़ता है।

इसलिए सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को आना पड़ता है। बजट सत्र में इस बार काफी प्रश्न लगाए गए हैं। नक्सल हिंसा, ईडी छापा सहित खनिज, शराब माफिया, प्रधानमंत्री आवास को लेकर काम रोको प्रस्ताव लाने की तैयारी चल रही है।

महानदी मंत्रालय में भी आज अधिकारी अपने-अपने विभागों के प्रश्नों के उत्तर एवं ध्यानाकर्षक के उत्तर बनाने में सक्रिय रहे। विधानसभा सचिवालय के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा बजट कब पेश किया जाएगा इसकी जानकारी वित्त विभाग द्वारा नहीं दी गई है। लेकिन बताया जाता है कि 6 मार्च को बजट पेश किया जा सकता है। 7 मार्च से लेकर 14 मार्च तक विधानसभा का अवकाश रहेगा। शोर-शराबे और राजनीतिक विरोध के चलते सत्र समय पूर्व ही स्थगित हो सकता है।

प्रदर्शन ..



रायपुर 27 फरवरी। नई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आज आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। वे बेरिकेड्स तोड़कर कार्यालय के गेट तक पहुंच गए थे।

### ब्रह्माकुमारीज ने 'शिव अवतरण से स्वर्णिम भारत' विषय पर आयोजित की संगोष्ठी

**रायपुर, 27 फरवरी ।** हरिद्वार के देवपुरा चौक स्थित ब्रह्माकुमारीज के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण उपलक्ष्य में अनुभूति धाम पर 'शिव अवतरण से स्वर्णिम भारत ' विषय पर एक संगोष्ठी राजयोगिनी बीके मंजू की अध्यक्षता व राजयोगिनी बीके सोनिया के संचालन में आयोजित की गई ।संगोष्ठी के मुख्य अतिथि हरियाणा से आए ब्रह्माकुमार मदन भाई ने ईश्वरीय वाणी के हवाले से कहा कि हमे अपनी सद्कर्मो की स्पीड बढाकर रखनी है तभी हम ईश्वरीय सेवा कार्यो में सफल हो सकते है ।उन्होंने माना कि शिव अवतरण से ही स्वर्णिम भारत की ओर हम बढ़ पा रहे है ।जिसमे ब्रह्माकुमारीज संस्थान का विशेष योगदान है ।विशिष्ट अतिथि विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलसचिव एवं साहित्यकार श्रीगोपालनारसन ने कहा कि ईश्वरीय वाणी को हम जितनी बार पढ़ेंगे और उसकी धारणा करेंगे उतना ही हम परमात्मा शिव की याद का अनुभव कर सकते है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था के प्रति देश दुनिया मे बढ़ते जनविश्वास को एक उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ब्रह्माकुमारीज के प्रति गहरा विश्वास जताते हुए जलजन अभियान का जिम्मा इस संस्था को सौंपा है।

## दीपावली की तरह मनाया जाएगा चेट्रीचंड्र महोत्सव, घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल

**रायपुर 27 फरवरी।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर स्थित पंचायत कार्यालय में बैठक रखी गई।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि घर घर बाँटी जाएगी निश्शुल्क भगवान झूलेलाल की मूर्तियाँ। पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया की 5 दिनो तक भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना समाजजनो द्वारा घर घर में की जाती है । विधि विधान से पूजा -अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन विसर्जन किया जाता है । यह कार्यक्रम गुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी के सानिध्य से किया जा रहा है। विशाल कुकरेजा ने बताया कि पंचायत द्वारा 7 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें 5 दिनो तक रोज़ सुबह 5 बजे से भगवान झूलेलाल जी की पालकी निकाली जाएगी, चेट्रीचंड्र के दिन आम भंडारे एवं चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन बड़े धूम धाम से सिंधी आरकेस्ट्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अथितियों को सिंधी टिप्पणा भी वितरण किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से अमर लाल जादवानी,अमित नागदेव, सुनील बत्रा, नंदकुमार मुलचंदानी,योगेश भाटिया,विजय भठेजा, इंदरलाल रूपरेला,राकेश माटा,कमल रिझवानी, राकेश कुकरेजा,यश नागवानी,चिराग जयसिंघानी,दीपा मुलचंदानी, सीमा कुकरेजा,मुस्कान मंगलानी, नेहा हेमानी, रिया डेंगवानी आदि उपस्थित थे।



## कांग्रेस का अधिवेशन यादगार एवं ऐतिहासिक रहा

■ अन्य प्रदेशों से आए नेता लौटने लगे

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में भाग लेने के बाद अब सभी वरिष्ठ नेता वापस लौटने लगे हैं। कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता बाहर से आए नेताओं को एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन तक छोड़ने का व्यापक प्रबंध कर रहे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी एवं राहुल गांधी सहित कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री यहां आए थे। जोरा में आमसभा होने के पश्चात कई वरिष्ठ नेता कल देर रात ही लौट गए। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यहां पर जो नेता अलग-अलग स्थानों पर ठहरे थे उनकी भी विदाई शुरू हो गई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी एवं बीकानेर के विधायक गिल्डा सहित अनेक नेता लौट गए हैं। उत्तर प्रदेश के सांसद प्रमोद तिवारी, पंजाब के नेता प्रतिपक्ष बाजवा एवं चौधरी, कर्नाटक एवं पश्चिम बंगाल से आए कांग्रेस अध्यक्ष लौटे। ये सभी अपने साथ राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव को लेकर जा रहे हैं।



कांग्रेस अधिवेशन स्थल पर राजस्थान के जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बिन्दु बनी रही। जनसम्पर्क विभाग द्वारा राजस्थान के अनेक साहित्य उपलब्ध कराए गए थे। पंजाब के नेताओं ने पंजाब में उभरते आतंकवाद को लेकर भी चिंता जताई। राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने मीडिया को संबोधित किया। सोनिया गांधी के संन्यास लेने के संबंध में भी वे पहले कुछ नहीं बोले लेकिन बाद में इसकी सफाई सोनिया गांधी ने ही दे दी। उपरवारा से मंत्रालय की ओर जाने वाली सभा स्थल पर राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन यादगार रहा। यहां पर सभी पंडालों में व्यवस्थाएं शानदार एवं आकर्षक रही।

### महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने निकाली बाइक रैली



**रायपुर, 27 फरवरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने बाइक रैली निकाली। रैली में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम, जिला पंयायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, महिला बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती दिव्या मिश्रा, यूनिसेफ के राज्य प्रमुख श्री जॉब जकारिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और महिलाएं शामिल हुई। उन्होंने रैली में गढ़बो सुपोषित छत्तीसगढ़ और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया। रैली तेलीबांधा तालाब से शुरू होकर घड़ी चौक, आमापारा, स्टेशन चौक से होते हुए फाफाडीह चौक, अंबेडकर चौक, केनाल रोड होते हुए लगभग 15 किलामीटर की दूरी तय करते हुए वापस तेलीबांधा तालाब में आकर समाप्त हुई।

## मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लीनिक: 1.47 लाख से ज्यादा महिलाओं का नि:शुल्क इलाज

■ मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक 1969 कैम्प लगाएं जा चुके हैं

**रायपुर, 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक करीब 1969 कैम्प लगाएं जा चुके हैं। दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्र की स्लम बस्तियों में रहने वाली 1 लाख 47 हजार 362 महिलाओं एवं बच्चियों का उनके घर के पास ही दाई-दीदी क्लीनिक कैंप के माध्यम से इलाज किया गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक की मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में महिला चिकित्सकों और महिला स्टॉफ की टीम पहुंचती है तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चियों की विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क इलाज करती है। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 28 हजार 94 महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया तथा 1 लाख 40 हजार 333 महिलाओं को निःशुल्क दवाईयां दी गई। पहले गरीब स्लम क्षेत्र में रहने वाली तथा मेहनत मजदूरी करने वाली ऐसी महिलाएं जो समयाभाव या अन्य कई कारणों से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी परन्तु अब दाई-दीदी क्लीनिक से उन्हें इलाज की सुविधा घर के पास ही महिला चिकित्सकों और चिकित्सा स्टॉफ के माध्यम से मिल रही है और वे अपना इलाज करा पा रही है।



## राजधानी के स्कूल-कालेजों में परीक्षाओं का मौसम

■ रविवि के स्नातक स्तर की परीक्षाएं 1 मार्च से

■ बोर्ड एग्जाम एवं बीएड-डीएड की परीक्षाएं शुरू

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 फरवरी।** राजधानी में अब गर्मी के साथ ही परीक्षाएं शुरू हो गई है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर की परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होंगी। विभिन्न महाविद्यालयों में बीएड और डीएड की परीक्षाएं चल रहीं हैं।

राजधानी में अब परीक्षा का मौसम शुरू हो गया है। रविवि के रजिस्ट्रार के अनुसार विश्वविद्यालय से 150 से अधिक महाविद्यालय संबद्ध हैं। इनमें से अनेक कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। स्नातक स्तर में बड़ी संख्या में परीक्षा देने के लिए विद्यार्थी शामिल होंगे। कोरोना संकटकाल के बाद ऑफलाइन परीक्षाएं हो रही है। इसे देखते हुए छात्र भी अपनी तैयारियां कर रहे हैं। कोरोना संकटकाल में कई छात्र-छात्राएं ऑनलाईन परीक्षाएं देकर स्नातक उत्तीर्ण हो गए हैं। विवि द्वारा परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विवि द्वारा बीएड और डीएड की भी परीक्षाएं ली जा रही है। वर्तमान में टीईटी के लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है जिसके कारण यहां पर छात्र बड़ी संख्या में परीक्षा दिला रहे हैं। यह परीक्षा अब 15 दिन से अधिक चलेगी। राजधानी स्वाध्यायी महाविद्यालयों को छोड़कर सभी महाविद्यालयों में यह परीक्षाएं संचालित होंगी। यहां पर परीक्षा के परिणाम शीघ्र घोषित करने के लिए मूल्यांकन समिति का गठन भी किया गया है। गर्मी में परीक्षा होने से छात्र और उनके अभिभावक परेशान हैं। दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाएं भी शुरू हो गई है। पूरे प्रदेश में ये परीक्षाएं एक साथ संचालित हो रही है।

## पुलिस महानिदेशक पहुंचे नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा, जवानों का किया उत्साहवर्धन

**सुकमा, 27 फरवरी।** बस्तर क्षेत्र के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के जगरगुंडा कैंप में तैनात जवानों के बीच आज पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा पहुंचे। उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साहस और बहादुरी की प्रशंसा की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। डीजीपी ने कहा कि नक्सलवादियों के विरूद्ध सुरक्षाबलों का अभियान निरंतर जारी रहेगा। साथ ही एडीजी सीआपीएफ श्री वितुल कुमार, एडीजी नक्सल अभियान श्री विवेकानंद सिंहा, आईजीपी बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी., आईजीपी सीआरपीएफ श्री साकेत सिंह, डीआईजी राजेंद्र नारायण दास पुलिस मुख्यालय, डीआईजी सीआरपीएफ सुनीत कुमार राय, डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप, एसपी सुकमा श्री सुनील कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी जगरगुंडा पहुंचकर मुठभेड़ में शामिल अधिकारी व जवानों से मिलकर पूरी घटना क्रम की जानकारी ली। सभी जवानों को नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान मुंहतोड़ जवाब देने और मुठभेड़ के दौरान कुछ नक्सलियों के मारे जाने और घायल होने की संभावना की जानकारी पर पुलिस पार्टी की बहादुरी के लिए पूरी टीम की प्रशंसा की। डीजीपी श्री अशोक जुनेजा ने पुलिस नक्सल मुठभेड़ में बहादुरी से लड़ते हुए शहीद होने वाले सउनि. रामूराम नाग, आरक्षक कुंजाम जोगा और आरक्षक वंजाम भीमा के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए वीर जवानों की शहादत को नमन किया। उन्होंने उनके परिजनों को शीघ्र ही अनुकंपा नियुक्ति और अन्य सुविधाएं देने का आश्वासन दिया।



उन्होंने सुकमा जिले के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित एरिया में पुलिस और सुरक्षा बलों को डब्बामरका, तोंडामरका, कुंडेद और बेदरे जैसे सुदूर जगहों पर सुर कैंप लगाकर विकास की गति को तेजी से आगे बढ़ाने निर्देशित किया है। साथ ही इन जगहों पर लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य करने वाले सभी अधिकारी व जवानों की तारीफ की। साथ ही आगामी समय में और भी बेहतर योजनाबद्ध तरीके से मिलकर कार्य करने के लिए स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी को सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यो की सुरक्षा देने के लिए जगरगुंडा कैंप से पुलिस जवानों की टुकड़ी मोटरसाइकिल पर रवाना हुई थी जहां पर पहले से घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस टुकड़ी पर फायरिंग कर दी जिसमें 3 पुलिस जवान शहीद हो गए, पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही और फायरिंग में नक्सलियों के भी मारे जाने की सूचना है। डीजीपी श्री जुनेजा ने घटना स्थल का भी जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23